

# दैनिक पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल



■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 209

ग्वालियर, मंगलवार, 19 अप्रैल, 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.


## सुप्रीम कोर्ट ने आशीष मिश्रा की जमानत खारिज की, कहा एक हफ्ते में सरेंडर करो

**नई दिल्ली।** लखीमपुर खीरी कांड को लेकर केंद्रीय राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी के बेटे आशीष मिश्रा को सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा झटका दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने आशीष मिश्रा की जमानत को खारिज कर दिया है। इसके साथ ही 1 हफ्ते के अंदर सरेंडर करने का भी निर्देश दिया है। आपको बता दें कि आशीष मिश्रा केंद्रीय राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी के बेटे हैं। किसान आंदोलन के दौरान लखीमपुर में किसानों पर गाड़ी चढ़ाई गई थी, उसी मामले में मुख्य आरोपी के रूप में आशीष मिश्रा का नाम सामने आया था। जमानत रद करने की याचिका पर फैसला चीफ जस्टिस एनवी रमणा, जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस सूर्यकांत की पीठ ने सुनाया। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने चार अप्रैल को सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। लखीमपुर खीरी कांड के मुख्य आरोपी आशीष मिश्रा की बेल को रद्द करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आशीष मिश्रा की बेल पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने पीड़ितों के पक्ष को सही से नहीं सुना। शीर्ष अदालत ने कहा कि पीड़ितों का अधिकार है कि हर सुनवाई में उनके पक्ष को भी गंभीरता से सुना जाए, लेकिन हाईकोर्ट में उनके पक्ष को अनसुना कर दिया गया। इसके साथ ही शीर्ष अदालत ने आशीष मिश्रा को एक सप्ताह के अंदर सरेंडर करने का आदेश दिया। चीफ जस्टिस एनवी रमन्ना की बेंच ने कहा कि हमारा मानना है कि हर सुनवाई में पीड़ित को आधिकार है कि उसके पक्ष को गंभीरता से सुना जाए। उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट ने आशीष मिश्रा को बेल देते हुए अपने अधिकार क्षेत्र का अतिक्रमण किया। अदालत ने कहा कि किसी भी घटना में सिर्फ एफआईआर को ही सब कुछ नहीं माना जा सकता, पूरी न्यायिक प्रक्रिया को ध्यान में रखने की जरूरत होती है। इस दौरान मृतक किसानों के परिजनों के वकील ने अदालत से कहा कि वह आदेश दे कि हाईकोर्ट का वही जज अब इस केस की सुनवाई न करे। जिसने आशीष मिश्रा को बेल दी थी। इस पर सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने कहा कि इस तरह का आदेश पारित करना सही नहीं होगा। हमें भरोसा है कि वही जज इस मामले को दोबारा नहीं सुनना चाहेगा। अदालत ने साफ कहा कि जिस तरह से हाईकोर्ट की ओर से जल्दबाजी दिखाते हुए यह फैसला सुनाया गया और पीड़ितों को मौका नहीं दिया गया, वह उसके आदेश को खारिज करने के लिए पर्याप्त है।



## अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष, विश्व बैंक, जी-20 के वित्तमंत्रियों के साथ बैठक करेगी वित्त मंत्री सीतारमण

### सेमीकंडक्टर बनने वाली कंपनियों के सीईओ से मिलेगी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण सोमवार से संयुक्त राज्य अमेरिका की आधिकारिक यात्रा पर हैं। यात्रा में सुश्री सीतारमण अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और विश्व बैंक, जी-20 के वित्त मंत्रियों सेंट्रल बैंक गवर्नर की बैठकों में भी भाग लेंगी। वित्त मंत्रालय के बयान अनुसार, वित्त मंत्री सेमीकंडक्टर, ऊर्जा और अन्य प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के सीईओ के साथ आमने-सामने बैठक करने वाले हैं। साथ ही वहां इंडोनेशिया, दक्षिण कोरिया, श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका के साथ द्विपक्षीय चर्चा में भाग लेंगी। सीतारमण अपनी यात्रा के दौरान आईएमएफ के प्रबंध निदेशक द्वारा आयोजित मनी एट ए क्रॉसरोड पर एक उच्च स्तरीय पैनल चर्चा में भाग लेंगी। साथ ही विश्व बैंक, आईएमएफ, जी-20 और वित्तीय कार्रवाई कार्य बल के साथ आधिकारिक बैठकों के अलावा, वित्त मंत्री अटलांटिक काउंसिल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बोलेंगीं।



## देश में डेढ़ करोड़ नौकरियों रिक्त, युवा झेल रहा बेरोजगारी की मार: वरुण गांधी

**पीलीभीत, यूपी।** अपनी ही पार्टी के खिलाफ भाजपा के स्थानीय सांसद वरुण गांधी ने मोर्चा खोल रखा है अब उन्होंने कहा कि देश में डेढ़ करोड़ नौकरियां (पद) खाली हैं, जो भरी नहीं जा रही हैं और नौजवान खाली पेट बेरोजगारी की मार झेलता घूम रहा है। उन्होंने कहा कि करोड़ों बेरोजगारों को नहीं पता कि आगे उनके साथ क्या होने वाला है। पीलीभीत में विधानसभा और विधान परिषद चुनाव के बाद पहली बार स्थानीय सांसद वरुण गांधी अपने संसदीय क्षेत्र पीलीभीत में दो दिवसीय दौरे पर आए और अपने अस्थाई आवास पर कार्यकर्ताओं के साथ सभा की। सभा को संबोधित करते हुए वरुण गांधी ने अपनी ही सरकार को घेरा और किसान आंदोलन की चर्चा की। युवाओं के रोजगार का मुद्दा उठाते हुए गांधी ने कहा कि हमारी लड़ाई रोजगार और आर्थिक समानता की है, हमारा संविधान यह कहता है कि सब को समान आर्थिक अवसर मिलना चाहिए। सांसद ने कहा कि यह तब संभव है, जब हर हाथ में काम मिलेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि किसी के भी बैंक खाते में पैसे नहीं आए, दो करोड़ नौकरियां मिलनी थी पर नहीं मिलीं, किसान की जो आय दुगनी होनी थी वो भी नहीं हुई। सांसद ने कहा, हम यह नहीं कह रहे हैं कि नई नौकरियां पैदा की जाएं, लेकिन जो पहले से घोषित हैं उन पर तो भर्ती होनी चाहिए।



### कांग्रेस पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ की बैठक में कमलनाथ बोले-

## दिल्ली और खरगोन दंगा भाजपा की साजिश

### ओबीसी को 27 फीसदी आरक्षण की लड़ाई कांग्रेस ने लड़ी


**भोपाल।** एमपी के पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष कमलनाथ का बड़ा बयान सामने आया है। उन्होंने दिल्ली और खरगोन में बीजेपी पर दंगा कराने के आरोप लगाए हैं। कहा कि दिल्ली खरगोन दंगा बीजेपी की साजिश है। बेरोजगारी और महंगाई से ध्यान हटाने के लिए बीजेपी वाले करा रहे हिंसा। दिल्ली, खरगोन और देशभर में कई जगहों पर हुई सांप्रदायिक हिंसा के लिए उन्होंने बीजेपी को जिम्मेदार ठहराया है। वे सोमवार को पीसीसी भोपाल में आयोजित कांग्रेस पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ की बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि हमने ओबीसी आरक्षण की लडाई लड़ी और लड़ते रहेंगे। हमे पिछड़ा वर्ग का संगठन मजबूत करना होगा। पिछड़ी वर्ग की छोटी छोटी जातियों पर हम को ध्यान देना होगा। हम ओबीसी की छोटी छोटी जातियों को भूल जाते है। सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने 27 फीसदी आरक्षण की लड़ाई लडऩे की बात कही है। आज सबसे बड़ा अतिक्रमण हमारी देश की संस्कृति पर हुआ है। हम एक झंडे के नीचे खड़े है ये हमारे देश की संस्कृति है। अच्छा संविधान गलत हाथों पर चला जाए ये चिंता का विषय है। आज धर्म के नाम पर बांट रहे है, कल जातियों के नाम पर बाटेंगे। कहा 16 महीनों बाद पुलिस प्रशासन का हिसाब लिया जाएगा। खरगोन आज परेशान हैं। ध्यान मोडऩे का काम किया जा रहा है। अगले कुछ महीने में भाजपा कोशिश करेगी ध्यान कैसे मोड़ा जाए। आज प्रश्न कांग्रेस का नहीं भविष्य का है। शिवराज सिंह चौहान से 18 साल का हिसाब मांगों। बताया जाता है कि दिल्ली हाईकमान के निर्देश के बाद कांग्रेस के सभी नेता एक मंच पर बैठे।

### महंगाई से ध्यान हटाने के लिए भाजपा की साजिश

पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने भाजपा पर बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि देशभर में देश भर में रामनवमी और हनुमान जयंती पर हुई हिंसा की घटनाएं महंगाई और बेरोजगारी जैसे मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए भाजपा की साजिश है। कमलनाथ ने कहा कि आज देश भर में जो घटनाएं घट रही हैं, यह बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी से ध्यान हटाने भाजपा की साजिश है। कमलनाथ ने कहा कि मैं पहले ही कह चुका हूं कि यह हमारी देश की संस्कृति के खिलाफ है। हमारी संस्कृति देश को जोडऩे की है। सरकार के पास अब पैसा, पुलिस व प्रशासन ही बचा है। बता दें प्रदेश में रामनवमी पर खरगोन और बड़वानी के सेंधवा में जुलूस पर पथराव के बाद हिंसा फैली थी। इस हिंसा में एक व्यक्ति की मौत भी हुई है। इसके अलावा पुलिस कर्मी समेत एक बच्चा गंभीर रूप से घायल हुआ। खरगोन में अभी कर्फ्यू लगाया गया है। विपक्ष बीजेपी पर चुनाव को लेकर जनता के मुद्दों से ध्यान हटाने का आरोप लगा रहा है। मध्य प्रदेश के अलावा गुजरात, पश्चिम बंगाल, दिल्ली और राजस्थान में भी हिंसा की घटनाएं हुई हैं। बता दें 2022 के अंत तक गुजरात और हिमाचल प्रदेश में विधानसभा चुनाव हो सकते हैं। वहीं, 2023 में मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, तेलंगाना, त्रिपुरा, मेघालय, नागालैंड और मिजोरम में विधानसभा चुनाव होंगे।



## पीएम मोदी को खत लिखकर अपने ही देश में घिरे शहबाज शरीफ



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ पीएम मोदी को पत्र लिखकर अपने देश में ही फंसते दिख रहे हैं। पीएम मोदी को लिखे पत्र में शहबाज शरीफ ने लिखा कि दोनों देशों की शांति और विकास के लिए जम्मू-कश्मीर और अन्य विवादित मुद्दों का समाधान होना चाहिए। पत्र के लहजे को लेकर पाकिस्तान के पूर्व राजनयिक और भारत में पाकिस्तान के उच्चायुक्त रह चुके अब्दुल बासित ने शहबाज शरीफ पर निशाना साधकर कहा है कि ये बहुत कमजोर प्रतिक्रिया है। दरअसल, शाहबाज शरीफ ने ये पत्र रविवार को पीएम मोदी के बधाई के जवाब में लिखा। पीएम मोदी ने शहबाज शरीफ के प्रधानमंत्री बनने पर ट्विटर के जरिए बधाई दी थी। शरीफ के मोदी को लिखे पत्र पर निशाना साधकर अब्दुल बासित ने अपने ट्वीट में लिखा, यह एक कमजोर प्रतिक्रिया है। कश्मीर कोई मुद्दा नहीं बल्कि विवाद है। पीएम मोदी ने अपने बधाई संदेश में आतंकवाद का जिक्र किया था लेकिन कश्मीर में भारत के राज्य पोषित आतंकवाद का क्या? और कमांडर कुलभूषण जाधव का क्या? पाकिस्तान को इस तरह क्षमा-याचना की जरूरत नहीं। बासित के ट्वीट के जवाब में यूजर ने पूछा कि, तब फिर क्या पाकिस्तान के प्रधानमंत्री को अपनी पहली ही बातचीत में भारत के साथ युद्ध को घोषणा कर देना चाहिए थी? जवाब में अब्दुल बासित ने कहा, मेरे कहने का मतलब बस ये था कि भारत को और बेहतर ढंग से जवाब दिया जा सकता था।

## देश में कोरोना वायरस फिर हुआ सक्रिय, 90 फीसदी बढ़े नए मरीज



### ■ 24 घंटे में मिले 2,183 मामले
### ■ आईआईटी कानपुर के अनुमान ने दी राहत

**नई दिल्ली।** महामारी कोरोना के वायरस की सक्रियता एक बार फिर देश में बढ़ने लगी है। संक्रमण का ग्राफ एक बार फिर तेजी से बढ़ा है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, 24 घंटों में देश में 2 हजार 183 नए मामले सामने आए हैं। इस दौरान 214 मरीजों की मौत हुई। नए आंकड़ों को मिलाकर कोविड-19 मरीजों की कुल संख्या 4 करोड़ 30 लाख 44 हजार 280 पर पहुंच गई है। वहीं, अब तक 5 लाख 21 हजार 965 मरीज जान गंवा चुके हैं। खास बात है कि एक दिन पहले ही देश में 1 हजार 150 नए मरीज मिले थे। इस लिहाज से एक दिन में मरीजों की संख्या में करीब 90 फीसदी का उछाल देखा गया है। दिल्ली में रविवार को कोविड-19 के 517 नये मामले आए और संक्रमण की दर 4.21 प्रतिशत दर्ज की गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी बुलेटिन के अनुसार, शहर में कोरोना वायरस संक्रमण से आज किसी की मौत नहीं हुई है। रविवार को आए नये मामलों को मिलाकर राष्ट्रीय राजधानी में अभी तक कुल 18,68,550 लोगों के कोरोना वायरस से संक्रमित होने और संक्रमण से 26,160 लोगों के मरने की पुष्टि हुई है। दिल्ली में पिछले कुछ दिनों से कोविड के मामले फिर बढ़ने लगे हैं।

महाराष्ट्र में रविवार को कोविड-19 के 127 नए मामले आने से संक्रमण के कुल मामलों की संख्या 78,75,845 हो गई जबकि पिछले 24 घंटे में इस महामारी से किसी की मौत न होने के कारण मृतकों की संख्या 1,47,827 पर स्थिर बनी हुई है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि राज्य में अभी तक 77,27,372 लोग संक्रमण से उबर चुके हैं जिनमें 107 लोगों को रविवार को अस्पतालों से छुट्टी दी गई। राज्य में कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या 646 है। कर्नाटक में कोविड-19 के 54 नए मामले आने से संक्रमण के कुल मामलों की संख्या 39,46,369 हो गई है और किसी की मौत न होने से मृतकों की संख्या 40,057 पर बनी हुई है। राज्य के स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि संक्रमण के कुल मामलों में से बेंगलुरु शहरी जिले में 49, धारवाड़ में दो और दक्षिण कन्नड़, मैसूरु तथा रायचुर से एक-एक मामला सामने आया। आईआईटी कानपुर के प्रोफेसर मनिंद्र अग्रवाल का मानना है कि भारत में कोविड-19 की चौथी लहर की संभावनाएं कम हैं।

## उत्तर कोरिया 5 साल बाद किया अमेरिका तक मार करने में सक्षम अंतरमहाद्वीपीय मिसाइल का परीक्षण

**प्योंगयांग।** परमाणु हथियारों से लैस उत्तर कोरिया ने यूक्रेन की जंग के बीच कोरियाई प्रायद्वीप का माहौल गरमा दिया है। उत्तर कोरिया ने 5 साल के अंतराल के बाद अमेरिका तक मार करने में सक्षम अपनी अंतरमहाद्वीपीय मिसाइल का परीक्षण किया है। अटकलें हैं कि उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन परमाणु हथियारों के एक फिर से परीक्षण की तैयारी कर रहे हैं।

माना जा रहा है कि अमेरिका के बाइडन प्रशासन पर दबाव बनाने के लिए किम जोंग उन अपनी महाविनाशक हाइपरसोनिक मिसाइलों से लेकर परमाणु क्षमता को दुनिया को दिखा रहे हैं। इससे निपटने के लिए अमेरिका ने अपने एयरक्राफ्ट कैरियर को कोरियाई प्रायद्वीप में कई साल बाद तैनात किया है। उत्तर कोरिया अमेरिका तक मार करने वाली मिसाइलें बनाने में सक्षम है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक किम जोंग उन की हवासोंग-14 मिसाइल की मारक क्षमता 8 हजार किमी है। कुछ अध्ययनों में तो यहां तक कहा गया है कि यह मिसाइल 10 हजार किमी तक मार कर सकती है। उत्तर कोरिया की यह मिसाइल असल में अंतरमहाद्वीपीय मिसाइल है, जो अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर को तबाह कर सकती है। इस मिसाइल से परमाणु बम भी दागा जा सकता है। इसके अलावा उत्तर कोरिया के पास हवासोंग-15 मिसाइल भी है, जो 13,000 तक अपने लक्ष्य को बर्बाद कर सकती है। हवासोंग-15 मिसाइल की रेंज का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि अमेरिका का कोई भी शहर इस किलर मिसाइल के हमले से बच नहीं सकता है।



अक्टूबर 2020 में उत्तर कोरिया ने एक नई बैलिस्टिक मिसाइल का अनावरण किया था। हवासोंग-15 की तरह से यह नई मिसाइल दो चरणों वाली है, लेकिन इसकी लेंथ ज्यादा है। यह मिसाइल अपने साथ एक से अधिक वारहेड ले जा सकती है। उत्तर कोरिया ने अभी इस मिसाइल को कोई नाम नहीं दिया है।

## लाकडाउन के कारण दिल्ली और हैदराबाद के तापमान में आई गिरावट

**हैदराबाद।** कोरोना ने दो साल तक दुनिया को कमरों में कैद करके रख दिया, लॉकडाउन की स्थिति ने कई तरह के नुकसान पहुंचाए, लोगों की नौकरी गई, कई लोगों ने घर छोड़े, कई अपनी जड़ों पर लौटे, बाजार ठंडा पड़ गया। हालांकि अब स्थितियां वापस पटरी पर लौट रही है। लेकिन बीते दो सालों में इन तमाम बुरी घटनाओं के साथ-साथ कुछ अच्छा भी हुआ। तिरुपति के इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के रिमोट सेंसिग डाटा आकलन से सामने आया है कि लॉकडाउन अवधि में दिल्ली के तापमान में 5 डिग्री और हैदराबाद के तापमान में 2 डिग्री की कमी थी। रिपोर्ट के मुताबिक, आईआईटी तिरुपति के शोधार्थियों ने ऑस्ट्रेलिया और इटली के साथ मिलकर सैटेलाइट तस्वीरों का इस्तेमाल कर मुंबई, दिल्ली और हैदराबाद शहर के सतही तापमान विश्लेषण किया,इसमें जहां मुंबई में कोई विशेष बदलाव नहीं दिखाई दिया, वहीं हैदराबाद और दिल्ली के तापमान में गिरावट दर्ज की गई थी। हाल ही में प्रकाशित शोधपत्र में बताया गया है कि अप्रैल 2019 की तुलना में अप्रैल 2020 के दौरान दिल्ली के तापमान में 5 डिग्री, हैदराबाद के तापमान में 1.9 डिग्री और मुंबई के तापमान में 0.26 डिग्री सेल्सियस की कमी दर्ज की गई थी। शोधपत्र में बताया गया है कि रिमोट सेंसिग के आधार पर जो विश्लेषण हुआ, उसमें पाया गया है कि शहरों में गर्मी की वजह मुख्यतौर पर मानवजनित कारक हैं।जिसमें जमीन का विभिन्न तरीकों से इस्तेमाल और उसके इस्तेमाल के तरीके जिम्मेदार हैं। इस तरह से अध्ययन से यह पता चलता है कि कोरोना के दौरान लगे लॉकडाउन की वजह से भी तापमान पर गहरा असर पड़ा।





## खास खबर

### ल्वीव शहर में दागी गई कई मिसाइलें, 6 लोगों की मौत

**कीव।** यूक्रेन के ल्वीव शहर में रूसी मिसाइलों के हमलों में छह लोगों की मौत हो गई, जबकि आठ अन्य घायल हो गए। स्थानीय गवर्नर ने इसकी जानकारी दी। मकसिम कोजित्स्काई ने कहा कि कुल चार हमले हुए, जिनमें से तीन सैन्य ढांचों पर जबकि एक हमला टायर की दुकान पर हुआ। उन्होंने कहा कि आपातकालीन दस्ते हमलों से लगी आग बुझाने में जुटे हैं। उन्होंने कहा कि घायलों में एक बच्चा भी शामिल है। यूक्रेन के पूर्वी हिस्सों में रूस के चौतरफा हमलों के बीच पश्चिमी शहर ल्वीव शहर में ये हमले हुए हैं। ल्वीव दो महीने से जारी भीषण हिंसा से काफी हद तक बचा हुआ है।

### सोमवार दोपहर किश्तवाड़ ज़ि?ले में महसूस किए गए भूकंप के झटके

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में सोमवार दोपहर को भूकंप के झटके महसूस किए गए। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी (एनसीएस) के अनुसार, भूकंप के झटके सोमवार 12 बजकर 9 मिनट पर किश्तवाड़ जिले में महसूस किए गए हैं। फिलहाल भूकंप से किसी भी तरह के नुकसान की जानकारी नहीं मलिी है। एनसीएस के मुताबकि, सोमवार दोपहर 12 बजकर दो मनिट पर किश्तवाड़ जलिे में भूकंप आया। दोपहर में अचानक आए भूकंप से लोगों में हड़कंप मच गया। हालांकि भूकंप की तीव्रता कम होने से कसिी तरह के नुकसान की जानकारी नहीं मलिी है। बता दें कि उत्तर भारत के तमाम इलाकों में बीते दिनों भूकंप के झटके महसूस किए जा चुके हैं। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, उत्तर प्रदेश, दिल्ली और पूर्वोत्तर के कुछ हिस्सों में बीते कुछ हफ्तों में भूकंप रिपोर्ट किए गए हैं। हालांकि इन सभी इलाकों में भूकंप के कारण कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ था। भारतीय मानक ब्यूरो ने अलग-अलग एजेंसियों से मिली वैज्ञानिक जानकारियों के आधार पर पूरे देश को भूकंपीय जोनों में बांटा है। इसमें सबसे ज्यादा खतरनाक जोन 5 है। वैज्ञानिकों के अनुसार, इस क्षेत्र में रिक्टर स्केल पर 9 तीव्रता का भूकंप आ सकता है। जोन-5 में पूरा पूर्वोत्तर भारत, जम्मू-कश्मीर के कुछ हिस्से, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड गुजरात में कच्छ का रन, उत्तर बिहार का कुछ हिस्सा और अंडमान निकोबार द्वीप समूह शामिल है। इस क्षेत्र में अक्सर भूकंप आते रहते हैं।

### कर्नाटक- मंगलुरु में मछली कारखाने में जहरीली गैस रिसी, 3 मजदूरों की जान गई

**मंगलुरु।** कर्नाटक के मेंगलुरु शहर में एक मछली कारखाने में जहरीली गैस के रिसने के बाद हड़कंप मच गया। हादसे में पश्चिम बंगाल के तीन मजदूरों की जान चली गई गई और आठ से अधिक की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस के मुताबिक घटना रविवार देर रात की है। मृतकों की पहचान समीरुल्ला इस्लाम, उमर फारूक और निजामुद्दीन साज के रूप में हुई है। अजान अली, करीब उल्ला, आफताल, मिराजुल इस्लाम और सराफत अली और अन्य की हालत नाजुक है। बीमार हुए मजदूरों का इलाज निजी अस्पताल में चल रहा है। मछली कारखाना मंगलुरु में बाजपे पुलिस स्टेशन की सीमा में विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) में स्थित है। घटना मछली के कचरे को संसाधित करने और टैंक की सफाई के दौरान हुई। एक मजदूर सफाई के लिए टंकी में जैसे ही चढ़ा वह बेहोश हो गया। उसे बचाने की कोशिश कर रहे करीब आठ अन्य लोग भी बीमार पड़ गए और उन्हें सांस लेने में तकलीफ हुई। टैंक 20 फीट गहरा है और उसमें मछली का कचरा जमा होता है। पुलिस को आशंका है कि मछली के कचरे को प्रोसेस करने के दौरान निकली जहरीली गैस के रिसाव से यह घटना हुई है। हालांकि, सटीक कारण का अभी पता नहीं चल पाया है। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) हरि राम शंकर अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचे और कारखाना प्रबंधन को काम रोकने का निर्देश दिया।

### पुलिस कस्टडी में बेखौफ दिखा अंसार , पुष्पा स्टाइल में झुकेगा नहीं

**नई दिल्ली।** जहांगीरपुरी हनुमान जयंती दंगों के मुख्य आरोपी अंसार और असलम को दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जहांगीरपुरी में हुई हिंसा का मुख्य आरोपी अंसार है। अंसार को रविवार पुलिस ने रोहिणी कोर्ट में पेश किया। लेकिन कोर्ट में पेशी के दौरान अंसार की अकड़ भी देखने को मिली। फिल्म पुष्पा के सिग्नेचर स्टाइल के अंदाज में वहां हेथेली फिराता दिखा और चेहरे पर कोई अफसोस नजर नहीं आया। नजर आई,तब चेहरे पर सिर्फ और सिर्फ अकड़ दिख रही हैं। अंसार के ऊपर ऐसी-ऐसी धाराएं लगी हैं, कि उसका जेल से निकलना मुश्किल हो सकता है। लेकिन इसके बावजूद रविवार को अंसार को जब पुलिस रोहिणी कोर्ट में पेश करने जा रही थी,तब पेशी से पहले अंसार की अकड़ कैमरे में कैद हो गई। वहां कैमरे को देखकर पुष्पा का आइकॉनिक स्टाइल बनाता दिखा। पुष्पा के सिग्नेचर स्टाइल के अंदाज में अपनी ढाढ़ी के नीचे से हाथ घुमा रहा था।

## न्यूज़ ट्रैक....

### बीसीसीआई ने आईपीएल समापन समारोह के लिए निविदायें मंगायीं

**मुम्बई** । भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के समापन समारोह कार्यक्रम के लिए निविदायें मंगायी है। इसके तहत समापन समारोह के लिए जो सबसे बड़ी बोली लगाएगा , वही यह समारोह आयोजित करेगा। बीसीसीआई ने समापन समारोह के आयोजन में रुचि रखने वाले सभी पक्षों के लिये निविदा प्रक्रिया के जरिये बोलियां आमंत्रित कीं है। बोर्ड ने समापन समारोह कराने के लिये प्रस्ताव का अनुरोध (रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल-आरएफपी) जारी करने की घोषणा के साथ किया। निविदा प्रक्रिया के सभी नियम और शर्तें इस आरएफपी में हैं, जिसमें पात्रता की जरूरतें, बोलियां जमा करने की प्रक्रिया और अधिकार भी शामिल हैं। यह आरएफपी एक लाख रुपये के भुगतान के बाद उपलब्ध होगी पर यह वापस नहीं होगी। इस आरएफपी को 25 अप्रैल तक खरीदने का समय है। बोली जमा करने वाले पक्ष के लिए आरएफपी खरीदना जरूरी रहेगा। आरएफपी की पात्रता मानदंड को पूरा करने वाले ही बोली लगाने के लिये योग्य होंगे। आईपीएल का समापन 29 मई को होगा तभी यह आयोजन होगा।

### युवा टेबल टेनिस खिलाड़ी का सड़क हादसे में मौत

**शिलांग** । युवा टेबल टेनिस खिलाड़ी विश्व दीनदयालन की रविवार को यहां हुए एक सड़क हादसे में मौत हो गई। दीनदयालन 18 साल के थे। वह 83वीं सीनियर राष्ट्रीय और अंतर-राज्यीय चैंपियनशिप में शामिल होने के लिए लिए शिलांग जा रहे थे। वह अपने तीन साथियों के साथ कार से गुवाहाटी से शिलांग जा रहे थे तभी एक 12-पहिया ट्रेलर सड़क के डिवाइडर से होकर कार से टकरा गयी। जिससे खिलाड़ियों की कार गहरी खाई में जाकर गिर गयी।

### भुवनेश्वर ने उमरान की गेंदबाजी को सराहा

**मुंबई** । सनराइजर्स हैदराबाद के युवा तेज गेंदबाज उमरान मलिक ने आईपीएल में अपने प्रदर्शन से सबका ध्यान खींचा है। उमरान की तारीफ अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार ने भी की है। भुवनेश्वर ने उमरान की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि उन्हें तेज गेंदबाजी करते हुए देखना अच्छा अनुभव रहता है। भुवनेश्वर और उमरान की शानदार गेंदबाजी की बदौलत ही सनराइजर्स ने पंजाब किंग्स पर शानदार जीत दर्ज की है। भुवनेश्वर ने कहा कि बल्लेबाजों को लगता है कि मैं धीमी गति से गेंदबाजी करता हूं हालांकि उसे तेजी से गेंदबाजी करते और विकेट हासिल करते हुए देखना खुशी की बात होती है। भुवनेश्वर ने तीसरे ओवर में ही पंजाब के अनुभवी सलामी बल्लेबाज शिखर धवन को आउट करके सनराइजर्स को अच्छी शुरुआत दिलाई थी।

### मिलर ने टीम को दिलायी जीत

**मुंबई** । आक्रामक बल्लेबाज डेविड मिलर ने गुजरात टाइटंस की ओर से चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ अपनी शानदार बल्लेबाजी से टीम को जीत दिलाने के साथ ही फार्म भी हासिल किया है। इस मैच में मिलर ने 51 गेंदों में आठ चौके और छह छक्के लगाकर 94 रन बनाए और अपनी टीम को जीत दिलायी। इस मैच में मिलर जब बल्लेबाजी के लिए आये थे तो उनकी टीम ने 16 रनों पर ही तीन विकेट खो दिये थे। इसके बाद मिलर का बल्ला इस प्रकार चला कि सीएसके के गेंदबाजों को कोई भी अवसर नहीं मिला।

# रॉयल्स के खिलाफ जीत हासिल करने मैदान में उतरेगी केकेआर

**मुंबई** । इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में सोमवार को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) का मुकाबला राजस्थान रॉयल्स से होगा। इस मैच में दोनो ही टीमें जीत दर्ज कर प्लेऑफ के लिए अपनी संभावनाएं बनाये रखना चाहेंगी। राजस्थान रॉयल्य की टीम ने अब तक खेले पांच मैचों में तीन जीते हैं जबकि दो में उसे हार मिली है। इस प्रकार 6 अंक लेकर वह चौथे स्थान पर है। वहीं केकेआर के छह मैचों में तीन जीत और तीन हार के साथ ही 6 अंक है और वह अंक तालिका में छठे स्थान पर है। केकेआर को शुरुआती जीत के बाद पिछले दो मैचों में दिल्ली कैपिटल्स और सनराइजर्स हैदराबाद के हाथों हार का सामना करना पड़ा था जिससे उसका मनोबल गिरा हुआ है। एक अन्य मैच में उसे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के खिलाफ भी हार का सामना करना पड़ा था।

केकेआर ने शुरुआती चार में तीन मैच जीतकर सत्र की अच्छी शुरुआत की थी पर इसके बाद टीम को



लगातार दो हार से झटका लगा है। ऐसे में जीत की राह पर लौटने के लिए टीम को बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों में सुधार करना होगा। आंद्रे रसेल को छोड़कर केकेआर का कोई भी बल्लेबाज लगातार रन नहीं बना पाया है जो टीम के लिए चिन्ता का कारण है। ऐसे में अगर उसे राजस्थान के खिलाफ जीत दर्ज करनी है तो अन्य खिलाड़ियों को भी बेहतर प्रदर्शन करना होगा। रसेल ने केकेआर की ओर से अब तक छह मैचों में सबसे ज्यादा 179 रन बनाये हैं और टीम को उनसे इस मैच में भी इसी प्रकार के खेल की उम्मीद रहेगी। उसके कप्तान श्रेयस अय्यर भी छह मैचों में एक अर्धशतक के साथ कुल 151 रन ही बना पाये है। उनके अलावा नितीश राणा और ऑलराउंडर वेंकटेश अय्यर भी लगातार रन नहीं बना पाये हैं।

सैम बिलिंग्स भी खुलकर नहीं खेल पाये हैं। वहीं गेंदबाजी की बात करें तो अनुभवी तेज गेंदबाज उमेश यादव को छोड़कर कोई भी अन्य गेंदबाज प्रभावी नहीं रहा है। उमेश ने 6 मैचों में सबसे ज्यादा 10 विकेट लिए हैं पर उन्हें अन्य गेंदबाजों का सहयोग नहीं मिल रहा है। पिछले सत्र में केकेआर के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले स्पिन वरुण चक्रवर्ती को छह मैचों में केवल चार विकेट ही मिले हैं। अनुभवी स्पिन सुनील नारायण भी अब तक नाकाम रहे हैं। पैट कमिंस को तीन मैचों में तीन विकेट ही मिले हैं। वहीं दूसरी ओर राजस्थान की टीम इस मैच में जीत की बड़ी दावेदारी नजर आ रही है। टीम को कप्तान संजू सैमसन और देवदत्त पड्डीकल से भी अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। उसकी ओर से बल्लेबाज जोस बटलर और स्पिनर युजवेंद्र चहल काफी अच्छे फार्म में हैं। चहल पांच मैचों में 12 विकेट के साथ शानदार लय में है। उन्होंने इस दौरान सिर्फ 6.80 के औसत रन दिये है पर अनुभवी स्पिनर आर अश्विन अपनी लय हासिल नहीं कर पाये हैं। उन्होंने पांच मैचों में केवल एक विकेट ही लिया है। तेज गेंदबाजी की बात करें तो न्यूजीलैंड के ट्रेंट बोल्ट सात विकेट लिए हैं। बटलर ने एक शतक और दो अर्धशतक के साथ कुल 272 रन बनाये हैं जबकि शिमरोन हेटमायर एक अर्धशतक की मदद से 197

## आईपीएल ने सिखाया दबाव के बीच खेलना : रबाडा



**मुंबई** । पंजाब किंग्स की ओर से खेल रहे दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा ने कहा है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से उन्होंने सीखा है कि किया प्रकार दबाव के बीच भी कठिन हालतों में अच्छा प्रदर्शन किया जा सकता है। रबाडा ने कहा कि आईपीएल आपको सिखाता है कि दबाव में कैसे प्रदर्शन करना है। इसमें हर दिन एक खेल कठिन है। किसी तरह, हमेशा एक करीबी खेल होता है, चाहे आप किसी भी टीम के लिए खेलें। यह एक अत्यधिक प्रतिस्पर्धी टूर्नामेंट है। यह बिल्कुल वैसा ही है जैसा आप वास्तव में कर सकते हैं। कभी ब्रेक नहीं मिलता है, हर गेंद एक घटना है। रबाडा ने माना कि इस सत्र में गर्मी में खेलना एक कठिन चुनौती होगी क्योंकि दोनों पक्षों के खिलाड़ियों की फिटनेस का स्तर ठोस परीक्षण के तहत आता है। यह गर्म है। मैं वास्तव में यहां बाहर खड़ा हूँ और मौसम यह इतना गर्म होने की उम्मीद नहीं थी। लेकिन यह कुछ ऐसा है जिससे हमें निपटना है। जाहिर है यह एक चुनौती होने वाली है रबाडा को लगता है कि विश्लेषकों के जुड़ने से खेल अधिक पेशेवर हो गया है और इस तरह के माहौल में गेंदबाजों को अपने अनुभव पर भरोसा करने की जरूरत है। खेल बहुत अधिक पेशेवर हो गया है और हर टीम को अब अपना विश्लेषण मिल गया है। हर टीम योजना बना रही है और हम यही कर रहे हैं। हम हर बल्लेबाज को देखते हैं और मुझे भरोसा है कि बल्लेबाज भी गेंदबाजों को देखते हैं।



*लंदन में एफए कप फुटबॉल में गोल करते हुए चेलेसा के माउंट मैसन।*

## डिविलियर्स से मुझे सीखने को मिला : ब्रेविस

**मुंबई** । मुंबई इंडियंस की ओर से खेल रहे दक्षिण अफ्रीकी अंडर-19 टीम के बल्लेबाज डेवाल्ड ब्रेविस ने अब तक आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन किया है। ब्रेविस ने इसका श्रेय दक्षिण अफ्रीकी टीम के पूर्व कप्तान और स्टार बल्लेबाज एबी डिविलियर्स को दिया है। ब्रेविस के अनुसार डिविलियर्स ने ही उन्हें छोटी-छोटी चीजें सिखायी थीं। इससे उन्हें आईपीएल के दौरान काफी सहायता मिली है। केकेआर के खिलाफ अपने आईपीएल पदार्पण में 29 रन बनाने वाले ब्रेविस ने मुंबई के लिए पंजाब किंग्स के खिलाफ 25 गेंदों में 49 रनों की तेज पारी खेली थी। ब्रेविस को %बेबी एबी% के नाम से भी पहचान मिली है क्योंकि उनका खेलना डिविलियर्स के जैसा ही है। जिन्होंने आरसीबी की ओर से अपने 360-डिग्री खेल के साथ आईपीएल में अपने लिए एक पहचान बनाई थी। ब्रेविस को पुरुषों के अंडर 19 विश्व कप में 6 मैचों में 84.33 की औसत से 506 रन बनाने के बाद मुम्बई ने अपनी टीम में शामिल किया था। ब्रेविस ने कहा कि वह मुझे छोटी चीजें सिखाते थे जो मेरे लिए सहायक साबित हुई हैं। यह मेरी मानसिकता और खेल खेलने के तरीके से जुड़ी बाते हैं। इसके अलावा उन्होंने मुझे खेल के बारे में सोचने के साथ ही इसे सरल रखने के लिए कहा था। इसके साथ ही बताया कि आक्रामकता के साथ खेलना अहम है पर कुछ हालातों में शांत रहना और अब देखना है कि अगला गेम कैसा होता है वह भी जरुरी होता है।

## 10 अंक हासिल कर आईपीएल में शीर्ष पर पहुंची गुजरात

मुम्बई । आईपीएल के 15 वें सत्र में नई टीम गुजरात टाइटंस शीर्ष पर पहुंच गयी है। गुजरात ने चेन्?नई सुपर किंग्?स (सीएसके) को हराकर को 3 विकेट से हराकर टेबल में अपनी स्थिति और भी मजबूत कर 10 अंक हासिल करने के साथ ही नंबर एक स्थान पर कब्जा जमाया। उसने अब तक 6 मैचों में से 5 में जीत हासिल की है। वहीं एक अन्य मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद ने पंजाब किंग्?स को हराकर शीर्ष 4 में स्थान बनाया। आईपीएल में अभी हैदराबाद, लखनऊ सुपर जायंट्स और आरसीबी तीनों के ही 88 अंक है जबकि पांच बार की चैम्पयन मुंबई इंडियंस इस बार बेहद खराब प्रदर्शन के साथ ही सबसे पीछे 10वें स्थान पर है। मुंबई को सभी 6 मैचों में हार का सामना करना पड़ा है। वहीं चार बार की चैम्पियन सीएसके 9वें स्थान पर है। चेन्?नई को 6 में से 5 मैच में हार का सामना करना पड़ा है। वहीं सबसे ज्यादा रन बनाने मामले में राजस्थान रॉयल?स के जोस बटलर औरेंज कैप की दौड़ में शीर्ष पर हैं जबकि सबसे ज्यादा विकेट के लिए पर्पल कैप भी राजस्थान के ही स्पिनर युजवेंद्र चहल के कब्जे में है। बटलर ने 5 मैचों में सबसे ज्यादा 272 रन बनाये हैं जबकि लखनऊ सुपरजाइंटस के कप्तान लोकेश राहुल 235 अंकों के साथ दूसरे नंबर पर है। गुजरात टाइटंस के कप्?तान हार्दिक पंड्या 228 अंकों के साथ तीसरे स्?थान पर फिसल गए हैं। गेंदबाजी की बात करें तो चहल के नाम 5 मैचों में 12 विकेट है और वह पहले नंबर पर हैं। वहीं टी नटराजन दूसरे स्?थान पर पहुंच गए हैं। उनके भी चहल के बराबर 12 विकेट हैं।

## व्यापार न्यूज

### सोना और चांदी की कीमत में आई तेजी

**नई दिल्ली** । सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को जहां एक ओर शेयर बाजार भारी गिरावट के साथ खुला, वहीं एमसीएक्स पर सोने की कीमत 0.75 फीसदी की तेजी के साथ 53,392 रुपए हो गई, जबकि चांदी के दाम में भी 1.34 फीसदी का जोरदार उछाल आया और इसकी कीमत 69,957 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई है। गौरतलब है कि आभूषण बनाने के लिए ज्यादातर 22 कैरेट का ही इस्तेमाल होता है। कुछ लोग 18 कैरेट सोने का भी इस्तेमाल करते हैं। आभूषण पर कैरेट के हिसाब से हॉल मार्क बना होता है। 24 कैरेट सोने के आभूषण पर 999 लिखा होता है, जबकि 23 कैरेट पर 958, 22 कैरेट पर 916, 21 कैरेट पर 875 और 18 कैरेट पर 750 लिखा होता है। देश भर में सोने के आभूषणों की कीमत उत्पाद शुल्क, राज्य करों और मेकिंग चार्ज के कारण बदलती रहती है।

### डॉलर के मुकाबले रुपया 24 पैसे टूटा

मुंबई ( । विदेशी बाजारों में डॉलर की मजबूती और कच्चे तेल के महंगा होने से रुपया सोमवार को शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 24 पैसे टूटकर 76.43 पर आ गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनियम बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 76.41 पर खुला और शुरुआती सौदों में 76.43 के निचले स्तर पर आ गया, जो पिछले बंद भाव के मुकाबले 24 पैसे की गिरावट दर्शाता है। रुपया बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले चार पैसे टूटकर 76.19 पर बंद हुआ था। विदेशी मुद्रा बाजार गुरुवार को महावीर जयंती और डॉ बाबासाहेब अंबेडकर जयंती तथा शुक्रवार को गुड फ्राइडे के कारण बंद था। छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.18 प्रतिशत बढ़कर 100.67 के स्तर पर आ गया।

### देश से यात्री वाहनों का निर्यात 43 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली** । भारत से यात्री वाहनों का निर्यात वित्त वर्ष 2021-22 में 43 प्रतिशत बढ़ गया, जिसमें मारुति सुजुकी इंडिया 2.3 लाख से अधिक इकाइयों के साथ अग्रणी रही। यह जानकारी ऑटो उद्योग के संगठन सिआम के ताजा आंकड़ों से मिली है। आंकड़ों के मुताबिक 2021-22 में कुल यात्री वाहनों (पीवी) का निर्यात 5,77,875 इकाई रहा, जबकि 2020-21 में यह आंकड़ा 4,04,397 इकाई था। सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सिआम) के आंकड़ों के मुताबिक यात्री कार खंड में 42 प्रतिशत वृद्धि के साथ 3,74,986 इकाइयों का निर्यात किया गया, जबकि उपयोगिता वाहन खंड में निर्यात 46 प्रतिशत बढ़कर 2,01,036 इकाइयों पर पहुंच गया। वित्त वर्ष 2021-22 में वैन का निर्यात बढ़कर 1,853 इकाई हो गया, जो वित्त वर्ष 2020-21 में 1,648 इकाई था।

### गिरावट के साथ खुले शेयर बाजार

# सेंसेक्स 1,186 अंक गिरा, निफ्टी 17,160 से नीचे

**मुंबई** । लंबी छुट्टी के बाद सोमवार को खुले प्रमुख शेयर सूचकांकों में तेज गिरावट हुई और शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 1,186 अंक से अधिक टूट गया। कमजोर एशियाई बाजारों के बीच इंफोसिस और एचडीएफसी बैंक जैसे बड़े शेयरों में कमजोरी के चलते प्रमुख सूचकांकों पर भारी दबाव बना। पिछले सप्ताह गुरुवार को महावीर जयंती और डॉ बाबासाहेब अंबेडकर जयंती तथा शुक्रवार को गुड फ्राइडे के कारण शेयर बाजार बंद थे। सप्ताह के पहले कारोबादि दिन सोमवार को शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 1,186.18 अंक गिरकर 57,152.75 पर कारोबार कर रहा था, जबकि निफ्टी 314.95 अंक गिरकर 17,160.70 पर आ गया। सेंसेक्स में इंफोसिस, टेक महिंद्रा, टीसीएस, एचडीएफसी, एचडीएफसी बैंक, विप्रो और एचसीएल टेक्नोलॉजीज गिरने वाले प्रमुख शेयरों में शामिल थे। दूसरी ओर एनटीपीसी, टाटा स्टील, एमएंडएम, मारुति और पावर ग्रिड हरे निशान में कारोबार कर रहे थे। एशियाई बाजारों में सोल, शंघाई और तोक्यो मध्य सत्र के सौदों के दौरान गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। शेयर बाजार के अस्थाई आंकड़ों के मुताबिक विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बुधवार को शुद्ध आधार पर 2,061.04 करोड़ रुपए के शेयर बेचे।




### इंफोसिस के शेयर 6.89 फीसदी टूटे

**नई दिल्ली** । आईटी कंपनी इंफोसिस के निवेशकों को जोरदार झटका लगा है। इंफोसिस के शेयरों में सोमवार को शुरुआती कारोबार में तेज गिरावट आई है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में इंफोसिस के शेयर 6.89 फीसदी की गिरावट के साथ 1628.10 रुपए के स्तर पर ट्रेड कर रहे हैं। कंपनी के शेयरों में बिकवाली का दबाव देखने को मिल रहा है। इंफोसिस के शेयरों में यह गिरावट पिछले वित्त वर्ष की चौथी तिमाही के नतीजे उम्मीद से कमतर रहने के बाद आई है। इंफोसिस के शेयरों में 2 साल से ज्यादा के समय में यह सबसे तेज गिरावट है। शेयरों में तेज गिरावट के बाद बीएसई में इंफोसिस का बाजार पूंजीकरण घटकर 6,92,281 करोड़ रुपए रह गया है। शुरुआती ट्रेड में ही ?निवेशकों को 40,000 करोड़ रुपए से ज्यादा का नुकसान हुआ है। निफ्टी आईटी इंडेक्स में सबसे ज्यादा गिरावट आई है। इंडेक्स में करीब 4 फीसदी की गिरावट है। पिछले वित्त वर्ष की जनवरी-मार्च तिमाही में इंफोसिस का मुनाफा 12 फीसदी बढ़कर 5,686 करोड़ रुपए रहा था, जो कि एक साल पहले की समान अवधि में 5,076 करोड़ रुपए था। वहीं कंपनी का रेवेन्यू करीब 23 फीसदी बढ़कर 32,276 करोड़ रुपए रहा था, जो कि एक साल पहले की समान अवधि में 26,311 करोड़ रुपए था। पिछले पांच दिन में इंफोसिस के शेयरों में 10 फीसदी से ज्यादा की गिरावट आई है। वहीं इस साल अब तक कंपनी के शेयरों ने 14.33 फीसदी का निगेटिव रिटर्न दिया है। कंपनी के शेयरों ने पिछले एक साल में करीब 20 फीसदी का रिटर्न दिया है।

### मार्च महीने में थोक महंगाई बढ़कर 14.55 फीसदी हुई

**नई दिल्ली** । खाने-पीने के सामान, ईंधन और बिजली के दाम में इजाफा होने से थोक महंगाई मार्च में लगातार 12वे महीने बढ़ गई है। मार्च महीने में थोक महंगाई फरवरी महीने की 13.11 फीसदी से बढ़कर 14.55 फीसदी पर आ गई है। बता दें कि थोक महंगाई दर अनुमान से भी ज्यादा रही है। महीने दर महीने आधार पर मार्च महीने में खाने-पीने की चीजों की थोक महंगाई दर 8.47 फीसदी से बढ़कर 8.71 फीसदी पर आ गई है। वहीं प्राइमरी आर्टिकल्स की थोक महंगाई दर फरवरी 13.39 फीसदी से बढ़कर 15.54 फीसदी पर आ गई है। जबकि ईंधन और बिजली की थोक महंगाई दर फरवरी के 31.50 फीसदी से बढ़कर 34.52 फीसदी पर आ गई है। मार्च महीने में बनी बनाई वस्तुओं (मैन्यूफैक्चरर्ड प्रोडक्ट्स) की थोक महंगाई दर फरवरी के 9.84 फीसदी से बढ़कर 10.71 फीसदी पर आ गई है। वहीं आलू की थोक महंगाई दर फरवरी के 14.78 फीसदी से बढ़कर 24.62 फीसदी पर रही है। खाने-पीने के सामान से लेकर कपड़े और जूते तक महंगे होने से महंगाई 17 महीने के पीक पर पहुंच गई हैं।

### कोल इंडिया शुरू करेगी ई-नीलामी मंच

**कोलकाता** । सार्वजनिक क्षेत्र की कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) ने कहा कि वह अपना ई-नीलामी मंच शुरू करने पर विचार कर रही है और उसने नए एवं मौजूदा बोलीदाताओं को इस पोर्टल पर पंजीकरण कराने को कहा है। कंपनी के एक व?रिष्ठ अधिकारी ने यह पोर्टल शुरू किए जाने की जानकारी दी। इस समय सीआईएल के ई-नीलामी पोर्टल का प्रबंधन एमजंक्शन और सार्वजनिक क्षेत्र की एमएसटीसी लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है। ई-नीलामी में कोल इंडिया के सालाना करीब 12 करोड़ टन कोयले की बिक्री की जाती है जबकि बाकी बिक्री ईंधन आपूर्ति समझौतों और अन्य विशेष बिक्री खिड़कियों से की जाती है।

### मारुति कारों के सभी मॉडलों की कीमत बढ़ी

**नई दिल्ली** । देश की प्रमुख कार विनिर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) ने अपने सभी मॉडलों की कीमतों में वृद्धि की है। कंपनी ने कहा कि उसने लागत में बढ़ोतरी की वजह से यह फैसला किया। कंपनी ने कहा कि सभी मॉडलों की कीमतों में औसतन 1.3 प्रतिशत (दिल्ली में शोरूम कीमत) बढ़ोतरी की गई है। एमएसआई ने छह अप्रैल को शेयर बाजार को बताया था कि कच्चे माल में तेजी के चलते उसके वाहनों की लागत पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। एमएसआई ने जनवरी 2021 से मार्च 2022 तक अपने वाहनों की कीमतों में लगभग 8.8 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है।

# विश्व बैंक रिपोर्ट: भारत में गरीबी 12.3 फीसदी घटी

**नई दिल्ली** । विकास की सीढ़िया चढ़ते भारत ने अपने गरीबी वाले चोले को उतार फेंकने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी लिहाजा, चरम गरीबी में 2011 की तुलना में 2019 में 12.3 प्रतिशत की कमी आई है। गरीबी का आंकड़ा 2011 में 22.5 फीसदी से घटकर 2019 में 10.2 फीसदी हो गया है। गरीबी में ग्रामीण क्षेत्रों में तुलनात्मक रूप से तेज गिरावट आई है। विश्व बैंक पॉलिसी रिसर्च के वर्किंग पेपर में यह जानकारी दी गई है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की ओर से प्रकाशित वर्किंग पेपर में भी कहा गया था कि भारत ने चरम गरीबी को लगभग समाप्त कर दिया है। साथ ही राज्य की ओर से दिए जाने वाले खाद्य हैंडआउट्स के माध्यम से 40 वर्षों में उपभोग असमानता अपने निम्नतम स्तर पर है।

ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी में ज्यादा आई कमी÷ शहरी भारत की तुलना में ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी में कमी अधिक आई है। ग्रामीण गरीबी 2011 में 26.3 फीसदी से घटकर 2019 में 11.6 फीसदी हो गई है, जबकि शहरी क्षेत्रों में यह गिरावट इसी अवधि के दौरान 14.2 फीसदी से घटकर 6.3 फीसदी हो गई। विश्व बैंक के वर्किंग पेपर में कहा गया है कि ग्रामीण और शहरी गरीबी में 2011-2019 के दौरान 14.7 और 7.9 प्रतिशत अंक की गिरावट आई है। भारत में गरीबी पिछले एक दशक में कम हुई है, लेकिन उतनी नहीं जितनी पहले सोचा गया था। यह पेपर संयुक्त रूप से अर्थशास्त्री सुतीर्थ सिन्हा रॉय और रॉय वैन डेर वेइड ने लिखा है। विश्व बैंक नीति शोध कार्य पत्रों का उद्देश्य विकास पर विचारों के आदान-प्रदान को प्रोत्साहित करना और रिसर्च के नतीजों को शीघ्रता से प्रसारित करना है।अध्ययन के अनुसार, छोटे आकार की जोत वाले किसानों ने उच्च आय वृद्धि का अनुभव किया है। इसमें कहा गया है, ÷सबसे छोटी जोत वाले किसानों के लिए वास्तविक आय में दो सर्वेक्षण दौर (2013 और 2019) के बीच वार्षिक रूप से 10 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि सबसे बड़ी जोत वाले किसानों के लिए 2 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। विश्व बैंक का पेपर काफी अहम है, क्योंकि भारत के पास हाल की अवधि का कोई आधिकारिक अनुमान नहीं है।

# एयर इंडिया ने हांग कांग की उड़ानें रद्द कीं

**नई दिल्ली** । विमानन कंपनी एयर इंडिया ने हांग कांग में कोरोना प्रतिबंधों और कम मांग होने की वजह से वहां की उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। विमानन कंपनी ने ट्वीट कर बताया कि 19 और 23 अप्रैल को हांग कांग जाने व आने वाली उड़ानों को रद्द कर दिया गया है। वहीं एक सरकारी अधिकारी का कहना है कि हांग कांग ने एयर इंडिया के तीन यात्रियों के कोविड-19 संक्रमित पाए जाने के बाद उड़ानों को 24 अप्रैल तक प्रतिबंधित कर दिया है। अधिकारी के अनुसार दिल्ली व कोलकाता से आने सभी उड़ानों को 24 अप्रैल तक रोक दिया गया है। इससे इतर हांग कांग एयरपोर्ट पर उतरने वाले हर अतंराष्ट्रीय यात्री को कोविड-19 टेस्ट करवाना अनिवार्य है। हांग कांग सरकार के आदेश के अनुसार भारत से उन लोगों को आने की अनुमति है जिन्होंने अधिकतम 48 घंटे पहले कोविड-19 टेस्ट करवाया हो और उनकी रिपोर्ट नेगेटिव आई हो। गौरतलब है कि अंतर्राष्ट्रीय हब के रूप में खुद को स्थापित करने वाले हांग कांग ने 2020 से ही अपनी सीमाओं को बंद कर रखा है। वहां केवल कुछ चुनिंदा उड़ानों को जाने की अनुमति है और यात्रियों की संख्या की भी नाममात्र है। इससे पहले हांग कांग ने ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, फ्रांस, भारत, नेपाल, पाकिस्तान, फिलिपीन्स, ब्रिटेन और यूएस से आने वाली उड़ानों से प्रतिबंध हटाने की योजना बनाई थी। यह आदेश अगले महीने से लागू होने वाला था। हालांकि हांग कांग ने रेस्टोरेंट्स में डाइन इन की सुविधा शुरू कर दी हैं । नए आदेश के अनुसार एक टेबल पर चार लोग ही बैठ सकते हैं और डाइन इन रात 10 बजे तक खुला रहेगा।

# डिजिटल प्लेटफॉर्म पर रिलीज हुई अर्जुन-परिणीति की फिल्म



अर्जुन कपूर और परिणीति चोपड़ा की फिल्म संदीप और पिंकी फरार मार्च में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी. कोरोना के बढ़ते केस और पूरी क्षमता के साथ सिनेमाघर ना खुलने की वजह से यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ कमाल नहीं दिखा पाई थी. अब अर्जुन और परिणीति की फिल्म डिजिटल प्लेटफॉर्म पर रिलीज होने जा रही है. अगर आप सिनेमाघर में जाकर इस फिल्म का लुफ्त नहीं उठा पाए थे तो परेशान मत होइए अब आप इसे डिजिटल प्लेटफॉर्म पर देख सकते हैं. अर्जुन और परिणीति की फिल्म अब डिजिटल प्लेटफॉर्म पर धमाल मचाने के लिए तैयार है. यह फिल्म एमेजॉन प्राइम पर आज रिलीज हो गई है. आप अब इसका लुफ्त उठा सकते हैं. दिबाकर बनर्जी द्वारा निर्मित, लिखित और निर्देशित, 'संदीप और पिंकी फरार' में अर्जुन कपूर, परिणीति चोपड़ा के साथ जयदीप अहलावत, रघुबीर यादव और नीना गुप्ता लीड रोल में नजर आए हैं. संदीप और पिंकी फरार' दो अलग-अलग व्यक्तियों की कहानी है, जिनका जीवन अचानक आपस में जुड़ जाता है. पिंकेश दहिया या पिंकी (अर्जुन कपूर द्वारा निबंधित), एक हरियाणवी पुलिस अधिकारी है, जबकि संदीप कौर (परिणीति चोपड़ा द्वारा निबंधित) कॉर्पोरेट जगत की एक महत्वाकांक्षी लड़की है. विडंबना यह है कि यह जोड़ी एक दूसरे के प्रति अविश्वास, संदेह और घृणा से जुड़े है. यह सस्पेंस-ड्रामा दर्शकों को अपनी सीटों से बांधे रखने का वादा करती है क्योंकि यह दो दुनिया की ध्रुवीयताओं की खोज करता है और प्रतिष्ठित इश्कजादे जोड़ी द्वारा शानदार प्रदर्शन से लैस है, जिन्होंने सिल्वर स्क्रीन पर एक साथ धमाल मचाने के लिए वापसी कर ली है. आपको बता दें ये फिल्म 2018 में ही बनकर तैयार हो गई थी, और इसको 2020 में रिलीज होना था लेकिन कोरोना के कारण फिल्म रिलीज नहीं हो पाई थी. अब फिल्म फैंस के सामने पेश कर दी गई है।



## तारक मेहता का उल्टा चश्मा में आराधना शर्मा की धांसू एंट्री

फेमस शो तारक मेहता का उल्टा चश्मा करीब 12 सालों से टीवी जगत पर राज कर रहा है. शो के तमाम किरदार दयाबेन, जेठालाल से लेकर अंजली भाभी, बबीता जी तक दर्शकों के बीच खूब पसंद किए जाते हैं. इस बीच शो में एक और नए एक्टर की एंट्री हो गई है. ये एक्टर हैं एमटीवी स्प्लिट्सविला-12 फेम आराधना शर्मा. आराधना ने हाल ही में तारक मेहता का उल्टा चश्मा में एंट्री ली है और शो में वह एक डिटेक्टिव का किरदार निभाती नजर आ रही हैं. आराधना स्प्लिट्सविला में अपने बोल्ड अंदाज के चलते चर्चा में थीं. वहीं तारक मेहता... में एंट्री लेकर डिटेक्टिव के किरदार में गुंडों के एक गैंग के लिए काम करती नजर आ रही हैं. तारक मेहता का उल्टा चश्मा में इन दिनों दवाइयों की कालाबाजारी पर फोकस किया जा रहा है. इसी ट्रैक के बीच आराधना की शो में एंट्री हुई है. जो रिजॉर्ट में रूम सर्विस स्टाफ की मेंबर बनी हैं. आराधना के शो में एंट्री लेते ही अब वह एक बार फिर चर्चा में छा गई हैं. सोशल मीडिया पर उनका बोल्ड अंदाज उनके फैंस के बीच खूब पसंद किया जाता है. एक एक्टर के अलावा आराधना एक बेहद शानदार डांसर भी हैं. जिसकी झलक उनके वीडियोज में देखने को मिलती है. यही नहीं, आराधना शर्मा एक बेहतरीन मॉडल भी हैं, वह अब तक कई फैशन शोज में नजर आ चुकी हैं.



## 'रंगीला' के बाद नहीं बनी आमिर खान और राम गोपाल वर्मा की जोड़ी

आमिर खान की फिल्म 'रंगीला' की रिलीज को 25 साल हो चुके हैं। डायरेक्टर राम गोपाल वर्मा की यह फिल्म साल 1995 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म के बाद राम गोपाल वर्मा और आमिर खान ने कभी साथ काम नहीं किया। आाखिर ऐसा क्यों हुआ, इसके बारे में डायरेक्टर ने बात की है। राम गोपाल वर्मा ने कहा, 'मेरे द्वारा आमिर खान को लेकर कही बातों को मीडिया रिपोर्ट्स में गलत तरीके से प्रस्तुत किया गया था। इसके बाद आमिर ने मुझसे संपर्क करने की कोशिश की लेकिन बात नहीं हो पाई थी तो उन्होंने सोचा कि मैं जानबूझकर उनसे बात नहीं कर रहा हूं।' राम गोपाल वर्मा ने कहा, 'मैं जब आमिर खान से मिला तब मैनें उन्हें बताया कि जो उन्होंने सुना वो मैंने नहीं कहा था लेकिन मेरा बात मतलब वो नहीं था जो खबर में बताया गया है। हालांकि, आमिर खान को लगा कि मैंने उनके साथ धोखा किया है और वो मेरी गलती थी।'

# करण जौहर ने निकाला तो साजिद नाडियाडवाला ने थामा कार्तिक आर्यन का हाथ, बनाएंगे लव स्टोरी



कार्तिक आर्यन बीते कुछ समय से 'दोस्ताना 2' से बाहर किए जाने के कारण लगातार चर्चा में हैं। करण जौहर के बैनर तले बन रही 'दोस्ताना 2' में कार्तिक के साथ जान्हवी कपूर की जोड़ी थी। फिल्म की शूटिंग भी शुरू हो चुकी थी, लेकिन फिर अचानक कार्तिक को फिल्म से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। अब खबर है कि कार्तिक को साजिद नाडियाडवाला के बैनर तले बन रही एक लव स्टोरी के लिए कास्ट कर लिया है। 'प्यार का पंचनामा', 'सोनू की टीटू की स्वीटी' और 'लव आज कल 2' जैसी फिल्मों में चॉकलेटी अवतार में नजर आ चुके कार्तिक पर्दे पर एक बार फिर रोमांस करने की तैयारी में हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, इस एपिक लव स्टोरी फिल्म को साजिद नाडियाडवाला और नमः फिल्म्स मिलकर प्रड्यूस करेंगे। जबकि समीर विध्वंस इसके डायरेक्टर होंगे। रिपोर्ट में कहा गया है कि साजिद नाडियाडवाला बीते कुछ समय से कार्तिक के साथ फिल्म प्लान कर रहे थे। उन्हें एक ऐसी स्टोरी की तलाश थी, जिसमें कार्तिक आर्यन फिट बैठते हों। उनके चॉकलेटी इमेज को ध्यान में रखते हुए अब उन्हें एक ऐसी ही रोमांटिक लव स्टोरी मिल गई है। बताया जाता है कि इसमें कार्तिक ऐसे रोल में होंगे, जो अब से पहले उन्होंने पर्दे पर नहीं किया है। साजिद नाडियाडवाला की यह फिल्म अभी प्री-प्रोडक्शन स्टेज पर है। फिल्म का टाइटल अभी तय नहीं हुआ है। नैशनल अवॉर्ड विनर डायरेक्टर समीर विध्वंस कुछ समय से रोमांटिक फिल्मों को नए अंदाज में पेश करने पर विचार कर रहे थे। यह दिलचस्प है कि बीते साल साजिद नाडियाडवाला की फिल्म 'छिछोरे' (बेस्ट फीचर फिल्म) और समीर विध्वंस की 'आनंदी गोपाल' (बेस्ट फिल्म ऑन सोशल इश्यू) दोनों को ही नैशनल अवॉर्ड मिला। साजिद नाडियाडवाला और समीर विध्वंस अपनी इस नई फिल्म की घोषणा ग्रैंड अंदाज में करना चाहते हैं। कोरोना महामारी के मौजूदा हालात में यह संभव नहीं है, इसलिए स्थितियां बेहतर होने का इंतजार किया जा रहा है। जबकि टीम ने इस फिल्म पर काम शुरू कर दिया है। कार्तिक आर्यन भी फिल्म को लेकर काफी उत्साहित हैं।

# ब्रश करने के लिए ये समय है सबसे बेस्ट, जानिए क्या है एक्सपर्ट्स की राय

ब्रश करने की अच्छी आदतें आपके दांतों को स्वस्थ रखने और आपकी मुस्कान की चमक बनाए रखने में मदद करती हैं. अपने दांतों को मजबूत और कैविटी से मुक्त रखने के लिए, रोजाना दो बार ब्रश करने की सलाह दी जाती है. हालांकि इस बात को किसी ने साफ नहीं किया कि किस समय में ब्रश करना फायदेमंद होता है. हम में से ज्यादातर लोग सुबह के समय में मुंह की बदबू से छुटकारा पाने के लिए ब्रश करते हैं. ये एक ऐसी आदत है जो हमें बचपन से सिखाया गया है.

कुछ लोगों का मानना है कि सुबह के नाश्ते के बाद ब्रश करना ज्यादा फायदेमंद होता है और सांस ताजा रहती है. इस मामले में लोगों के विचार अलग है. कुछ नाश्ते से पहले दांतों को ब्रश करने का समर्थन करते हैं जबकि अन्य इसे बाद में करने का सलाह देते हैं. यहां हम आपको दोनों के फायदे और नुकसान बताएंगे, ताकि आप सोच-समझकर चुनाव कर सकें.

दांतों के एक्सपर्ट्स का कहना है कि नाश्ता करने के बाद ब्रश करना फायदेमंद होता है. कुछ स्टडी के अनुसार, जब आप रात में सोते हैं जो आपके मुंह में प्लाक पैदा करने वाले बैक्टीरिया तेजी से बढ़ते हैं जिसकी वजह से मुंह से बदबू आने लगती है. फ्लोराइड टूथपेस्ट से सुबह अपने दांत साफ करने से प्लाक और सांसों की बदबू से छुटकारा मिलता है. इसके अलावा इनेमल भी सुरक्षित रहता है. सुबह ब्रश करने से मुंह में मौजूद लार हानिकारक बैक्टीरिया को खत्म करने में मदद करता है.



### नाश्ते के बाद इस तरह करें ब्रश

वहीं कुछ डेंटल विशेषज्ञों का कहना है कि नाश्ते के बाद भोजन के कण मुंह में लंबे समय तक रहते हैं जो बैक्टीया को बढ़ाने में मदद करते हैं. अगर आप नाश्ते के बाद दांतों को साफ करने के बारे में सोच रहे हैं तो खाना खाने के 30 मिनट बाद ब्रश करें. ब्रेड, ड्राई फ्रूट, सिट्रस फूड और कॉफी में एसिड होता है. इम चीजों में एसिड होता है जो दांतों के लिए नुकसानदायक होता है. दांतों को सुरक्षित रखने के लिए खाना खाने के 30 मिनट बाद ब्रश करें. अगर आप सही तरीके से ब्रश नहीं करते हैं तो दांतों में दो बार ब्रश करने का फायदा नहीं होगा. हम आपको दांत साफ करने का सही तरीका बता रहे हैं.

**स्टेप 1 :** अपने ब्रश के सिरे को गीला करें और उसमें थोड़ी मात्रा में फ्लोराइड टूथपेस्ट लगाएं

**स्टेप 2 :** धीरे-धीरे ब्रश को अपने दांतों के हर कोने में ले जाएं. इसे 2 मिनट तक करें और कोशिश करें कि ज्यादा दबाव न डालें.

**स्टेप 3 :** बचे हुए टूथपेस्ट को थूक दें और अपना मुंह पानी से धो लें.

**स्टेप 4 :** बैक्टीरिया को साफ करने के लिए जींभ पर भी ब्रश करें और जींभिया (टंग क्लीनर) से साफ करें।

# केपटाउन पहुंचते ही दिव्यंका त्रिपाठी ने दिखाया अपना ग्लैमरस अवतार



छोटे पर्दे की मशहूर अभिनेत्री दिव्यंका त्रिपाठी ये है मोहब्बतें टीवी शो के साथ दर्शकों के दिल में अपनी जगह बनाने के बाद अब नए अवतार में नजर ओन वाली है। जी हां आपको बता दें कि ये है मोहब्बतें के बाद अब जल्द ही दिव्यंका त्रिपाठी टीवी के मशहूर स्टंट बेस्ट रियलिटी शो खतरों के खिलाड़ी सीजन 11 में नजर आने वाली हैं। बीते दिनों ही अभिनेत्री दिव्यांका त्रिपाठी खतरों के खिलाड़ी की शूटिंग के लिए केपटाउन शहर पहुंच चुकी है। दिव्यंका त्रिपाठी के अलावा इस शो में निक्की तंबोली, अर्जुन बिजलानी, अनुष्का सेन और श्वेता तिवारी जैसे कलाकार नजर आने वाले हैं। ऐसे में केपटाउन पहुंचते ही अभिनेत्री दिव्यांका त्रिपाठी वहां की खूबसूरत वादियों का लुफ्त उठाते हुए नजर आ रही है। हाल ही में कई सारी तस्वीरें और वीडियो दिव्यंका त्रिपाठी ने अपने फैंस के साथ सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। जिसमें उनकी दिलकश अदा देखते ही बन रही है। अभिनेत्री दिव्यंका त्रिपाठी ने अपने स्टाइलिश अवतार से दर्शकों को रूबरू करवाया है। दिव्यंका त्रिपाठी ने इससे पहले उन्होंने कई सारे वीडियो और तस्वीर शेयर की थी। जिसमें वो बेहद स्टाइलि अवतार में नजर आ रही है। इससे पहले दिव्यंका त्रिपाठी ने साड़ी में भी तस्वीर शेयर की थी। इन तस्वीरों में दिव्यंका त्रिपाठी बेहद खूबसूरत नजर आ रही थी। उनकी खूबसूरती को देखकर उनके फैंस भी कायल हो गए थे। खतरों के खिलाड़ी सीजन 11 से पहले दिव्यंका त्रिपाठी को आप कई टीवी शो और वेब सीरीज में देख चुके है। जिसमे उनके काम को काफी पसंद भी किया गया है।

# आम खाने के शौकीन हैं तो डाइट में इस तरह करें शामिल, नहीं बढ़ेगा वजन



ज्यादातर लोग गर्मी के मौसम को नापसंद करते हैं. केवल एक चीज है जो इस मौसम में मिलती है वो आम है. आम गर्मियों के मौसम में सबसे ज्यादा पसंद किया जाता है. इसलिए इसे फलों का राजा भी कहा जाता है. कई लोग गर्मियों का इंतजार आम खाने के लिए करते हैं. इस दौरान आम लोगों की डाइट में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है. वहीं कुछ लोगों को लगता है कि आम खाने से वजन बढ़ता है. हालांकि आम में कई तरह के पौष्टिक तत्व मौजूद होते हैं. हालांकि इसमें कैलोरी की मात्रा अधिक होती है इसलिए लोगों का मानना है कि आम खाने से वजन बढ़ता है. विशेषज्ञों की आम के बारे में अलग- अलग विचार हैं. अगर आप आम खाना पसंद करते हैं लेकिन वजन बढ़ने की वजह से मन मारकर जी रहे हैं तो हम आपको बताते हैं कैस खाएं. इससे आपका वजन भी नहीं बढ़ेगा.

**वर्कआउट के बाद न खाएं आम:** वर्कआउट के बाद आम को अपनी डाइट में शामिल न करें. इसमें कैलोरी की अत्यधिक मात्रा होती है. अगर आप आम खाना चाहते हैं तो वर्कआउट से कुछ समय पहले खाएं.

**रात को आम खाने से बचें:** आम सुबह के नाश्ते और लंच में खाना सबसे फायदेमंद होता है। इसे रात को खाने से बचना चाहिए. लेकिन रात में इसे खाने से बचना चाहिए. इस फल को सोने से पहले या रात के खाने के बाद से पाचना मुश्किल होता है. इससे पेट से संबंधी परेशानियां हो सकती है.

**नियमित रूप से खाएं:** जरूरत से ज्यादा आम खाना आपके सेहत के लिए हानिकारक हो सकता है।

## दिशा ने राहुल को दिया विशेष उपहार

बिग बॉस-14 के फर्स्ट रनर-अप राहुल वैद्य की गर्लफ्रेंड दिशा परमार ने उन्हें हाल ही में एक शानदार सरप्राइज दिया है। जिसमें दिशा ने उनको यह खास गिफ्ट दिया है और राहुल एक्साइटेड होकर गिफ्ट पैकेट खोल रहे हैं। दरअसल, राहुल जल्द ही खतरों के खिलाड़ी 11 के लिए साउथ अफ्रीका के केपटाउन रवाना होने वाले हैं और इस वजह से उनकी गर्लफ्रेंड ने उन्हें एक खास सरप्राइज प्लान के तहत गिफ्ट में 71 हजार की मंहगी घड़ी भी दी। दिशा ने बताया कि राहुल अब खतरों के खिलाड़ी 11 की शूटिंग के लिए जा रहे हैं इसलिए उन्हें यह खास गिफ्ट दे रही हैं। दिशा ने बताया कि वह गिफ्ट के साथ-साथ राहुल के लिए एक लेटर भी लिखा था जिसे देना वो भूल गई। फिर दिशा ने राहुल के लिए वह स्पेशल नोट पढ़ा जिसे उन्होंने अपने फोन में सेव करके रखा था। दिशा ने लिखा आप एक शानदार सफर पर जा रहे हैं, इसलिए आपके लिए एक छोटा सा गिफ्ट। मेरी यही इच्छा है कि आप वहां शानदार तरीके से जीतें। आपको ढेर सारा प्यारा। इस पर राहुल ने भी जवाब देते हुए लिखा आपको भी ढ़ेर सारा प्यार। बिग बॉस के घर के बाहर आने के बाद राहुल और दिशा एक दूसरे के साथ ज्यादा से ज्यादा वक्त बिता रहे हैं। राहुल ने एक इंटरव्यू के दौरान बताया था कि बिग बॉस के दौरान उन्होंने दिशा को काफी ज्यादा मिस किया। आपको बता दें कि इस बार के खतरों के खिलाड़ी शो में राहुल सबसे महंगे कंटेस्टेंट हैं। उनके अलावा इस शो में अर्जुन बिजलानी, अनुष्का सेन, दिव्यंका त्रिपाठी, वरुण सूद, सना मकबूल, अभिनव शुक्ला, निक्की तम्बोली भी नजर आएंगे।



## धर्म पर पहरा

विगत एक माह से देश के कई हिस्सों से आए समाचार और उन पर तथाकथित धर्मनिरपेक्ष नेताओं का रवैया बहुत ही खतरनाक संकेत दे रहा है। हिजाब विवाद से लेकर रामनवमी और हनुमान जन्मोत्सव के मौके पर निकाली गई शोभायात्राओं पर पथराव तक हिंदुओं के विरुद्ध हिंसा की घटनाओं का होना और उन पर सेकुलर दलों की रहस्यमयी चुप्पी देश के सामाजिक ताने बाने के लिए घातक है। हिंदू नववर्ष के दिन राजस्थान के करौली शहर में शोभायात्रा पर हमला हो या फिर रामनवमी के दिन देश के पांच राज्यों के नौ जिलों सहित दिल्ली स्थित जेएनयू में कथित बवाल, हर मौके पर समाज में जहर घोलने की कोशिश की गई। देश के पांच राज्यों के नौ जिलों में रामनवमी की शोभायात्रा पर जानबूझकर पथराव किया गया और फिर उसके बाद सुनियोजित तरीके से हिंसा व आगजनी की घटनाओं को अंजाम दिया गया। इन हिंसक वारदातों को भी करौली की घटना के तर्ज पर ही अंजाम दिया गया। रामनवमी के दिन गुजरात के हिम्मतनगर और खंभात में हिंसक झड़प हुई। साबरकांठा के छपरिया इलाके में शोभायात्रा पर हमला बोला गया। मध्य प्रदेश के खरगौन और बड़वानी में शोभायात्रा पर पथराव के बाद जमकर हंगामा और आगजनी हुई। बारूद के ढेर पर बैठे बंगाल के दो जिलों में रामनवमी के जुलूस पर पथराव के बाद व्यापक हिंसा और आगजनी की गई। झारखंड में भी उपद्रव किया गया। यह बात पूरी तरह से स्पष्ट है कि श्री रामनवमी के दिन जो हिंसा हुई है उसमें एक खास समुदाय के लोगों का ही हाथ था। अब दिल्ली में हनुमान जन्मोत्सव पर निकाली गई शोभायात्रा में भी खास मकसद से विघ्न डाला गया। जब से अयोध्या विवाद का माननीय सुप्रीम कोर्ट ने पूरी तरह से समापन कर दिया तब से देश के तथाकथित सेकुलर दलों, वामपंथियों व लेकर आजादी के नारे लगाने वाले लोगों को शोभायात्रा पसंद नहीं आ रही है। खैर, रामनवमी पर कई राज्यों में हुए बवाल की आग शनिवार को दिल्ली भी पहुंच गई। हनुमान जयंती के मौके पर दिल्ली के जहांगीरपुरी में निकाली जा रही शोभा यात्रा पर कुछ शरारती तत्वों ने पथराव कर दिया। इसके बाद हालात बिगड़ गए। दोनों समुदाय के लोग आमने सामने आकर पथराव करने लगे। छतों पर से शोभायात्रा निकाल रहे लोगों पर पथराव किया गया। उपद्रवियों ने सड़क पर खड़े वाहनों के अलावा पुलिस के कुछ वाहनों में तोड़फोड़ और आगजनी कर दी। यह पहली बार नहीं है जब हिंदुओं का त्योहार रामनवमी और मुसलमानों का रमजान साथ-साथ मनाया गया हो। यह भी पहली बार नहीं है जब साझे त्योहारों के मौसम में देश में सांप्रदायिकता फैलने का खतरा उमड़ा हो। इस तरह की घटनाएं अक्सर होती रहती हैं और अक्सर पूरा भारतीय समाज इसका खमियाजा भुगतता रहा है। यह भी सही है कि समय के साथ अक्सर घाव भरते भी रहे हैं। लेकिन इस हकीकत से आंख नहीं चुराई जा सकती कि धर्म के नाम पर भारतीय समाज को बांटने की कोशिशें लगातार होती रही हैं। कभी राजनीतिक स्वार्थों के लिए यह काम होता है और कभी बहुसंख्यकों के अधिकारों की दुहाई देकर। सवाल यह नहीं है कि पहला पत्थर किस ओर से फेंका गया या पहले ज्यादती किसने की, सवाल यह है कि बहुधर्मी संस्कृति वाले भारत में जब-तब सांप्रदायिकता की आग क्यों जल उठती है? दशकों से (या सदियों से) साथ-साथ रहने वाले, साथ उठने-बैठने, खाने-पीने वाले, अचानक एक-दूसरे के दुश्मन कैसे बन जाते हैं? हमारा संविधान हर नागरिक को धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार देता है। हमारी सरकार किसी भी धर्म-विशेष से जुड़ी हुई नहीं है। हर नागरिक को यह अधिकार है कि वह अपने विश्वास के अनुसार अपने धर्म का पालन करे।

# कहो तो कह दूँ : धूल उड़ रही है तो क्या हुआ, उसके फायदे भी तो देखो हुजूर

**चैतन्य भट्ट**

बड़ी मुश्किलों के बाद तो मध्य प्रदेश की ÷संस्कारधानी÷ कहे जाने वाले जबलपुर में एक ÷फ्लाई ओवर÷ बन रहा है छोटे छोटे शहरों में फ्लाई ओवर बन गए थे और जबलपुर उनकी तरफ भूखी निगाहों से देखता था कि उसका नंबर कब आएगा द्य किस्मत जागी और फ्लाई ओवर सेंक्शन हो गया, जैसे तैसे बनना शुरू हुआ तो लोगों को इसमें आपत्ति होने लगी कि इस फ्लाई ओवर के कारण शहर का अधिकतर हिस्सा धूल से नहाने लगा है, रोज अखबार वाले फ्लाई ओवर बनाने वाली ठेकेदार कंपनी, स्मार्ट सिटी के अफसरों, पीडब्लूडी के कर्ता धर्ताओं की बखिया उधेड़ने में लगे हैं कि धूल से मुक्ति दिलाओ, धूल से मुक्ति दिलाओ द्य इधर लोगों को पीने के लिए पानी मिल नहीं पा रहा है और जनता कह रही है कि सड़कों पर दिन में तीन बार पानी डालो, निगमायुक्त ने भी भारी मांग को दखते हुए फायर ब्रिगेड वालों और जल विभाग वालों को आदेश दे दिए कि पानी डाल दिया करो, उनको भी मालूम है कि जब पानी है ही नहीं तो वे डालेंगे कैसे लेकिन वाहवाही तो मिल जाएगी कि देखो साहेब कितने संवेदनशील हैं एक बार में ही आर्डर कर दिया द्य अपनी इस शहर की जनता से अपील है कि हर सिक्के के दो पहलू होते हैं एक अच्छा और एक बुरा, इसलिए शहर में उड़ रही धूल का अच्छा सिरा भी तो देखो कितने फायदे हो रहे हैं समाज के अलग अलग वर्गों को द्य अब डाक्टरों को ही ले लो लोगों को सांस की बीमारी हो रही है,धूल अंदर जाने से फेफड़े ख़राब हो रहे हैं तो आदमी डाक्टर के पास जा रहा है तो डाक्टरों का फायदा हो रहा है, जितने ज्यादा मरीज इतना ज्यादा माल द्य दूसरी तरफ महिलाओं के ÷ब्यूटी पार्लर÷ जाने से होने वाले खर्चा भी बच रहा है क्योकि वे ब्यूटी पार्लर से फेशियल करवा कर जब तक सपने घर पंहुचती हैं तब तब चेहरा वैसा का वैसा ही हो जाता है धूल की अच्छी खासी परत जम जाती है और वे फिर ÷भूतनी की भूतनी÷ लगने लगती हैं इसलिए अब महिलाओं ने फेशियल करवाना छोड़ दिया है हर महिला के सैकड़ो रूपये महीने जो मेकअप में खर्च होते थे वे बचने लगे हैं द्य हर आम आदमी का कपड़ों का खर्च बचने लगा है क्योंकि आप कितने ही साफ सुथरे कपड़े पहन कर बाहर जाओ वे आधे घंटे में ऐसे हो जाते है जैसे महीनो से न धुले हों बस इसी का फायदा उठाकर हर आदमी एक ड्रेस महीनों चला रहा है और कोई किसी को इसकी उलाहना नहीं दे पा रहा है क्योंकि हर इंसान का वही हाल हैं द्य आप किसी होटल में चाय पी रहे हैं या पान के ठेले पर पान खा रहे है आपका कोई दोस्त आपके सामने से निकल जाता है और धूल से सने चेहरे के कारण न वो आपको पहचान पाता है न आप उसको, इसी बहाने चाय पान के आपके पैसे भी बच जाते हैं इधर शैम्पू और बालों में लगाने वाले तेल के पैसे भी बच रहे है क्योंकि कितने ही बाल धोकर निकलो घर आते आते उसमें आधा किलो धूल चढ़ ही जाती हैं तो आदमी ने बाल धोना ही छोड़ दिया है शेम्पू और साबुन के पैसे बच रहे है और सबसे बड़ी बचत तो पानी की हो रही है, महीनो आदमीं नहा नहीं रहा है वो जानता है कि नहाने का भी कोई फायदा नहीं है घर से बाहर निकलते ही हालात वैसे ही हो जाएंगे जैसी बिना नहाये होते हैं कुल मिलकर कई फायदे हैं इस धूल के इसलिए इस धूल का मजा लो और आराम से जियो द्य

### उमा जी आखिर करे भी तो क्या करें

ये राजनीति बड़ी ही बेकार चीज है जिसके अंदर एक बार इसके कीड़े घुस जाते है वो ÷एड्स÷ के कीटाणु से भी



ज्यादा खतरनाक हो जाते हैं अब अपने प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री ÷उमा भारती÷ को ही देख लो एक ज़माना था जब सारा प्रदेश उनके सामने नतमस्तक रहता था मुख्यमंत्री जो थी, लेकिन वक्त बदला पार्टी से नाराज होकर दूसरी पार्टी बना ली लेकिन मामला चला नहीं और फिर उसी बीजेपी की शरण में आना पड़ा जिसको छोड़ कर गयी थी द्य आजकल किसी पोस्ट पर हैं नहीं लेकिन राजनीति तो करना है, अपना वजूद तो बना कर रखना है सो तरह तरह के जतन करती रहती हैं द्य हाल में प्रदेश में शराब बंदी करवाने का मसला छेड़ दिया इतना ही नहीं एक शराब की दुकान में जाकर पत्थर बाजी कर दी और कई दारू की बोतलें तोड़ डाली, ठेकेदार ने ही सोचा जंहा सैकड़ों बोतल दारू , पुलिस वालों को, गुंडों को, आबकारी डिपार्टमेंट के अफसरों को ÷फ्री फुकुट÷ में देना पड़ती है तो यदि एक पूर्व मुख्यमंत्री ने दो चार बोतलें फोड़ भी डाली तो कोई फरक नहीं पडता, लेकिन मामा जी ने उमा जी के आंदोलन की ये कहकर हवा निकाल दी कि शराब बंदी तो नहीं होगी हाँ हम जान जागरण अभियान चलाएंगे द्य मामाजी बड़े ÷चतुर सुजान÷ हैं उनको भी मालूम है कि दरुयों की दारु दुनिया की कोई ताकत नहीं छुड़ा सकती आप कितने ही जन जागरण अभियान चला लो उनकी सेहत पर कोई फर्क नहीं पड़ने वाला , यानि सांप भी मर गया और लाठी भी नहीं टूटी , अब उमा जी को लगा कि अपना दांव फेल हो गया तो एक और शिगूफा छेड़ दिया द्य रायसेन के ÷सोमेष्वर मंदिर÷ का ताला खुलवाने वे रायसेन पंहुच गईं लेकिन वो मंदिर तो पुरात्तव विभाग के अंडर में आता हैं और पुरातत्व विभाग उसका ताला खोलने तैयार है नहीं यानी ये तीर भी अपने निशाने से भटक गया द्य अपनी उमा जी को एक ही सलाह है कि उमा जी मामले ऐसे पकडो जो हल हो सकते हों और पहले मामाजी से चर्चा कर लो कि भैया हम ये मुद्दा उठाने वाले हैं आप इसका निबटारा कर देना और अपने को पूरा भरोसा है की मामाजी अपनी बहन की बात नहीं टालेंगे द्य

### इनका रिपोर्ट कार्ड कौन बनाएगा

जिले के अफसरों के काम काज पर निगाह रखने ले लिये प्रदेश के मुखिया शिवराज सिंह ने इसकी जिम्मेदारी विधायकों और बीजपी के नेताओं को सौंप दी है कि वे देखें कि उनके जिले के अफसर सही काम कर रहे हैं या नहीं और जो अफसर काम करता न मिले उसे मैदानी पोस्ट से हटाने के निर्देश दे दिए जायेगे द्य जब से ये खबर नेताओं को लगी है उनकी बांछें खिल गयी है क्योकि अभी तक तो हर जिले के अफसर नेताओं विधायकों को धेले भर की तवज्जों देते नहीं थे हर अफसर की सीधी मुख्यमंत्री से ट्यूनिंग थी तो वे विधायक हो या बीजपी नेता हो अपने सामने किसी को कुछ नहीं समझते थे।

## अहंकार से ज्ञान का नाश

अहंकार से मनुष्य की बुद्धि नष्ट हो जाती है। अहंकार से ज्ञान का नाश हो जाता है। अहंकार होने से मनुष्य के सब काम बिगड़ जाते हैं। भगवान कण-कण में व्याप्त है। जहाँ उसे प्रेम से पुकारो वहीं प्रकट हो जाते हैं। भगवान को पाने का उपाय केवल प्रेम ही है। भगवान किसी को सुख-दुख नहीं देता। जो जीव जैसा कर्म करेगा, वैसा उसे फल मिलता है। मनुष्य को हमेशा शुभ कार्य करते रहना चाहिए। कभी किसी को नहीं सताओ ¬ धर्मशास्त्र के श्रवण, अध्ययन एवं मनन करने से मानव मात्र के मन में एक-दूसरे के प्रति प्रेम, सद्भावना एवं मर्यादा का उदय होता है। हमारे धर्मग्रंथों में जीवमात्र के प्रति दुर्विचारों को पाप कहा है और जो दूसरे का हित करता है, वही सबसे बड़ा धर्म है। हमें कभी किसी को नहीं सताना चाहिए। और सर्व सुख के लिए कार्य करते रहना चाहिए।

**गुप्तदान महादान ¬** मनुष्य को दान देने के लिए प्रचार नहीं करना चाहिए, क्योंकि दान में जो भी वस्तु दी जाए, उसको गुप्त रूप से देना चाहिए। हर मनुष्य को भक्त प्रहलाद जैसी भक्ति करना चाहिए। जीवन में किसी से कुछ भी माँगो तो छोटा बनकर ही माँगो। जब तक मनुष्य जीवन में शुभ कर्म नहीं करेगा, भगवान का स्मरण नहीं करेगा, तब तक उसे सद्बुद्धि नहीं मिलेगी।

**मृत्यु से कोई नहीं बच पाया ¬** धन, मित्र, स्त्रि तथा पृथ्वी के समस्त भोग आदि तो बार-बार मिलते हैं, किन्तु मनुष्य शरीर बार-बार जीव को नहीं मिलता। अत¬ मनुष्य को कुछ न कुछ सत्कर्म करते रहना चाहिए। मनुष्य वही है, जिसमें विवेक, संयम, दान-शीलता, शील, दया और धर्म में प्रीति हो। संसार में सर्वमान्य यदि कोई है तो वह है मृत्यु। दुनिया में जो जन्मा है, वह एक न एक दिन अवश्य मरेगा। सृष्टि के आदिकाल से लेकर आज तक मृत्यु से कोई भी नहीं बच पाया।

## बुलडोजर यानि कानून पुलिस के हाथ में!

**डॉ श्रीगोपाल नारसन**

कुछ समय से बुलडोजर पुलिस का शस्त्र बन गया है।खासकर उत्तर प्रदेश ,मध्यप्रदेश व अन्य कुछ भाजपा शासित राज्यो में अपराधियों को सबक सिखाने के लिए कानूनी कार्यवाही के बजाए पुलिस बुलडोजर का भय दिखाकर अपराधियों पर अंकुश लगाने का दावा कर रही है।कही कही यह बुलडोजर प्रयोग सफल भी हुआ है,यानि अपराधी अपना घर ध्वस्त होने के डर से पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर रहे है।मुरादाबाद में एक वाहनचोर गिरोह का सरगना सच नही उगल रहा था,पुलिस ने उसे बुलडोजर का भय दिखाया तो उसने न सिर्फ अपने 6 अपराधी साथी पकड़वाए बल्कि 2 करोड़ रुपये कीमत के चोरी के वाहन जिनमें 10 कार व 40 कटे हुए दुपहिया वाहन बरामद कराए है।लेकिन क्या कानून पुलिस को यह ख़ौफ़ दिखाने या फिर किसी उस तथाकथित अपराधी जिसका अपराध न्यायालय द्वारा दोषसिद्ध तक नही हुआ,के घर या सम्पत्ति को ध्वस्त करने की अनुमति देता है शायद कदापि नही,तो फिर खुलेआम इस तानाशाही का समर्थन क्यो और किस लिए किया जा रहा। यह बुलडोजर उत्तर प्रदेश की तो कानून व्यवस्था का प्रतीक बन गया है।तभी तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को 'बुलडोजर बाबा' तक कहा जाने लगा। चुनाव में भाजपा की बंपर जीत के बात नेताओं, कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने बुलडोजर रैलियां निकालकर बुलडोजर को कानूनसम्मत सिद्ध करने की कोशिश की।विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान भी योगी आदित्यनाथ ने बार-बार कहा कि उत्तर प्रदेश में अपराधियों को सरकार के बुलडोजर का खौफ हो गया है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उनकी सरकार ने चुन-चुनकर अपराधियों के खिलाफ बुलडोजर से कार्रवाई की और आगे भी ये कार्रवाई जारी रहेगी।दूसरी बार उत्तर प्रदेश के



मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद से भी योगी आदित्यनाथ की सरकार की बुलडोजर कार्रवाई जारी है।वही अब देश के अन्य राज्यो के अलग-अलग हिस्सों से भी बुलडोजर चलने की खबरें आ रही है। गत तीन अप्रैल को उत्तर प्रदेश के लखनऊ में इंस्पेक्टर जगत नारायण सिंह के तीन मंजिला घर को बुलडोजर से ढहा दिया गया,जगत नारायण सिंह वही पुलिसकर्मी हैं जिन पर कानपुर के व्यापारी मनीष गुप्ता की हत्या का आरोप है।

इससे पहले दो अप्रैल को उत्तर प्रदेश के प्रयागराज विकास प्राधिकरण ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 150 बीघा में फैली प्लॉटिंग को ध्वस्त कर दिया था। धूमगंज और कौशांबी में भी इस तरह की कार्रवाई हुई है। प्रशासन की तरफ से की गई प्लॉटिंग को अवैध बताया गया था और कहा गया कि इसीलिए उसे ध्वस्त किया गया है। इसी प्रकार उत्तर प्रदेश के नोएडा के सेक्टर 134 और 135 में बने एक फार्म हाउस पर बुलडोजर चलाकर उसे तहस नहस कर दिया गया। प्रशासन की तरफ से बताया गया कि जिस इलाके में ये फार्म हाउस बना था, वहां किसी भी तरह का निर्माण कार्य करना अवैध है।अधिकारियों ने कहा कि भू-माफिया अवैध प्लॉटिंग के जरिए जमीन बेच देते हैं जिसके बाद वहां अवैध निर्माण हो जाता है।बुलडोजर चलाने की कार्रवाई सहारनपुर में भी की गई है। सहारनपुर के गांव चालकपुर में गैंगरेप के आरोपियों के घर को पुलिस ने बुलडोजर चलाकर ढहा दिया है। चालकपुर में एक सप्ताह पहले एक नाबालिग के साथ गैंगरेप हुआ था। इसी तरह चंदौली में भी सरकारी जमीन पर बने एक अवैध मकान को ध्वस्त कर दिया गया था। अलग-अलग मामलों के आरोपियों की संपत्तियों पर बुलडोडर चलने की खबरें और भी जगहों से भी लगातार आ रही है।जैसे एटा, कासगंज, गोरखपुर और महाराजगंज में भी बुलडोजर चल रहे है।इन कार्रवाइयों के बीच एक बार फिर से यह सवाल उठ रहा है कि आखिर बुलडोजर की ये सारी कार्रवाई होती कैसे है? कौन इसका आदेश देता है? क्या आरोपी को पहले से इस तरह की कार्रवाई के बारे में बताया जाता है? और सबसे आवश्यक बात यह कि केवल आरोप लग जाने पर ही बुलडोजर कार्रवाई करना कितना उचित व न्याय संगत है?ओर क्या बुलडोजर कार्यवाही न्याय प्रक्रिया का हिस्सा है या फिर पुलिस प्रशासन की तानाशाही?उत्तर प्रदेश में बुलडोजर से संपत्ति ढहाने की कार्रवाई 'उत्तर प्रदेश अर्बन प्लानिंग एंड डेवलपमेंट एक्ट 1973' के तहत की जा रही है।इस कानून की धारा 27 के तहत प्रशासन को अवैध संपत्तियों को ढहाने का अधिकार मिला हुआ है। इस संबंध में विकास प्राधिकरण के चेयरमैन और वाइस चेयरमैन नोटिस जारी कर सकते हैं।

# नमाज/हनुमान चालीसा: डरावना होता जा रहा है ....देश का माहौल....?

### सूडोकु नवताल- 6045

★★★✯✩ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | | 3 | | 8 | 9 | | 7 |
| | 1 | | 9 | | 6 | | 5 | 4 |
| | | | | | | 8 | | |
| | 4 | | 5 | | | | 8 | |
| 2 | | 5 | | 4 | | 6 | | 1 |
| | 3 | | | | 1 | | 7 | |
| | | 3 | | | | | | |
| 5 | 9 | | 7 | | 2 | | 6 | |
| 7 | | 6 | 4 | | 3 | | 9 | 2 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

**सूडोकु नवताल -6044 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 2 | 3 | 8 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 5 | 7 | 3 | 4 |
| 3 | 9 | 4 | 1 | 6 | 7 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 9 |
| 4 | 8 | 6 | 5 | 9 | 2 | 3 | 7 | 1 |
| 1 | 3 | 9 | 6 | 7 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 4 | 5 | 8 | 3 | 6 | 2 | 1 | 7 |
| 7 | 1 | 8 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 | 3 |

- *प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.*
- *प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.*
- *पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .*
- *पहेली का केवल एक ही हल है.*

**ओमप्रकाश मेहता**

आज देश के माहौल को देखकर पूज्य बापू के प्रिय भजन ÷रघुपति राघव राजाराम÷ की महत्वपूर्ण पंक्ति ÷अल्ला-ईश्वर तेरो नाम, सबको सन्मति दे भगवान÷ याद आ रही है और इसी पंक्ति के माध्यम से देश की खुशहाली चाहने वाला हर शख्स आज भगवान से प्रार्थना कर रहा है, अब यह तो पता नही कि भगवान के कानों तक देशभक्तों की अरज कब पहुंचेगी लेकिन यह तय है कि आज देश में जो भी आत्मघाती साम्प्रदायिक माहौल तैयार किया जा रहा है, वह देश को कहां व किस स्थिति में ले जाएगा, इसकी भयावह कल्पना से ही सिहरन पैदा होने लगती है, फिर इस माहौल के लिए कोई एक वर्ग या संगठन दोषी नहीं है, क्योंकि इसके भागीदार दोनों प्रमुख साम्प्रदायिक वर्गों के साथ सत्ता से जुड़े कुछ तत्व भी है।

वैसे देश का साम्प्रदायिक माहौल बिगाड़ने के अन्दरूनी प्रयास तो दिनों से चल रहे थे, किंतु असामाजिक व देश विरोधी तत्वों ने इस आत्मघाती कार्य की शुरूआत के लिए भी रामनवमी जैसा पवित्र दिन चुना और रामनवमी के जुलुसों पर पथराव तथा हिंसक वारदातें की, सरकारी-गैरसरकारी सम्पत्तियों को आग के हवाले किया और इस अभियान को देशव्यापी तरीके से चलाने की कौशिश की। चूंकि हिन्दूओं की नवरात्रि और मुस्लिमों का पवित्र रमज़ान पर्व इस बार एक ही समय से साथ में आया तो इन त्यौहारों को एक साथ सौहार्द्रपूर्ण तरीके से मनाने के बजाए, मस्जिदों पर लगे लाउड स्पीकरों को निशाना बनाया



गया, जिसके जवाब में रामनवमी व हनुमान जयंती पर निकलने वाले जुलूसों पर पत्थराव-आगजली का सहारा लिया गया। इस मामले में मध्यप्रदेश को खरगोन ने बदनाम किया तो उत्तरप्रदेश व देश की राजधानी भी इसी प्रक्रिया के कारण बदनाम हुए जबकि मध्यप्रदेश की मुस्लिम बाहुल राजधानी भोपाल में हनुमान जयंती के जुलूस पर पुष्प वर्षा कर यहां के अल्पसंख्यक समुदाय ने पूरे देश के लिए एक सौहार्द्रपूर्ण उदाहरण प्रस्तुत किया। देश की व्यावसायिक राजधानी मुम्बई भी इससे अछूती नही रही। देश के इस माहौल के बीच कुछ दिनों से तो ऐसा लगने लगा है कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने हिन्दूओं को एकजूट करने की जिम्मेदारी ले ली है, संघ प्रमुख के पिछले एक सप्ताह के बयान इसके प्रमुख सबूत है, एक तरफ जहां संघ प्रमुख मोहनराव भागवत यह कह रहे है कि ÷अब अपना स्वाभिमान जगाने का सही वक्त आ गया है÷, वहीं दूसरी ओर उन्होंने अगले पन्द्रह साल में अखण्ड भारत का भी नारा बुलंद कर दिया है, वे यह भी कह रहे है कि ÷इस मुल्क पर हमलावरों को संघ के प्रबुद्ध जनों की ब्रिगेड माकूल जवाब देगी....÷ अब यह जवाब कैसा व किस रूप में होगा, इसका कोई जवाब संघ प्रमुख ने नहीं दिया है। यह जरूर कहा है कि ÷यह जवाब उन्हीं की भाषा में ही दिया जाएगा।÷ इस तरह कुल मिलाकर संघ व उसके प्रमुख ने हिन्दूओं को एकजुट करने उनमें जोश भरने की जिम्मेदारी वहन कर ली है। संघ प्रमुख के इस उद्गार में यह बात भी किसी की समझ में नहीं आई कि वे हाथों में डण्डा लेकर अहिंसा की बात कैसे करेगें? अरे.... वैसे तो हमारे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने भी हाथों में लाठी थामकर अहिंसा की बात कही थी, तो क्या अब संघ परिवार भी इसी द्रष्टि से गांधी जी के चरणचिन्हों पर चलने की तैयारी कर रहा है? यद्यपि अपने आपको बड़ा हिन्दू संगठन बताने वाली शिवसेना ने संघ प्रमुख के अखण्ड भारत सम्बंधी बयान पर अच्छी-खासी टिप्पणी कर भागवत जी से पूछा है कि उनके अखण्ड भारत में पाकिस्तान, अफगानिस्तान, श्रीलंका, थाईलैण्ड, बंगलादेश आदि शामिल होगे या नहीं? क्योंकि हमारे प्रमुख आर्यावर्त (हिन्दूस्तान) में तो ये सभी देश शामिल थे, इस पर भागवत जी के जवाब की शिवसेना को प्रतीक्षा है, किंतु यह सही है कि देश में सत्तारूढ़ दल व उससे जुड़े हिन्दूवादी संगठनों ने पिछले एक पखवाड़े से एक अजीब साम्प्रदायिक माहौल खड़ा करने का प्रयास किया है, जिसके कारण मुस्लिम वर्ग भी सतर्क हो गया है और इसके मुकाबले की तैयारी शुरू कर दी है।

## मुट्ठीभर उग्रवादियों के भरोसे भारत ?

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

रामनवमी और हनुमान जयंति के अवसरों पर देश के कई प्रदेशों में हिंसा और तोड़-फोड़ के दृश्य देखे गए। उत्तर भारत के प्रांतों के अलावा ऐसी घटनाएं दक्षिण और पूर्व के प्रांतों में भी हुईं। हालांकि इनमें सांप्रदायिक दंगों की तरह बहुत खून नहीं बहा लेकिन मुझे याद नहीं पड़ता कि आज़ाद भारत में ऐसी हिंसात्मक घटनाएं कभी कई प्रदेशों में एक साथ हुई हों। ऐसा होना काफी चिंता का विषय है। यह बताता है कि पूरे भारत में सांप्रदायिक विद्वेष की कोई ऐसी अदृश्य धारा बह रही है, जो किसी न किसी बहाने भड़क उठती है। विरोधी दलों ने संयुक्त बयान देकर पूछा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस मुद्दे पर चुप क्यों हैं? वे कुछ बोलते क्यों नहीं हैं? इस प्रश्न का भावार्थ यह है कि इन हिंसात्मक कार्रवाइयों को भाजपा सरकार का आशीर्वाद प्राप्त है। विरोधी दलों के नेता इन कार्रवाइयों के लिए सत्ताधारी भाजपा को जिम्मेदार ठहराना चाहते हैं। यहां यह सवाल भी विचारणीय है कि क्या इस तरह के सांप्रदायिक दंगे और हिंसात्मक घटना-क्रम सिर्फ भाजपा शासन-काल में ही होते हैं? कांग्रेसियों, कम्युनिस्टों और समाजवादियों के शासनकाल में ऐसी घटनाएं क्या बिलकुल नहीं हुई हैं? यह हमारे भारतीय समाज का स्थायी चरित्र बन गया है कि हम अपने राष्ट्र से भी कहीं ज्यादा महत्व अपनी जात और अपने मज़हब को देते हैं। 1947 के बाद जिस नए शक्तिशाली और एकात्म राष्ट्र का हमें निर्माण करना था, उस सपने का थोक वोट की राजनीति ने चूरा-चूरा कर दिया। थोक वोट के लालच में सभी राजनीतिक दल जातिवाद और सांप्रदायिकता का सहारा लेने में ज़रा भी संकोच नहीं करते। भारत में ऐसे लोग सबसे ज्यादा हैं, जिनका नाम सुनते ही उनमें से उनकी जात और मजहब का नगाड़ा बजने लगता है। जो कोई अपनी जात और मजहब को बनाए रखना चाहते हैं, उन्हें उसकी पूरी आजादी होनी चाहिए लेकिन उनके नाम पर घृणा फैलाना, ऊँच-नीच को बढ़ाना, दंगे और तोड़-फोड़ करना कहां तक उचित है? यही प्रवृत्ति देश में पनपती रही तो भौगोलिक दृष्टि से तो भारत एक ही रहेगा लेकिन मानसिक दृष्टि से उसके टुकड़े-टुकड़े हो जाएंगे। यह खंड-खंड में बंटा भारत क्या कभी महाशक्ति बन सकेगा? क्या वह अपनी गरीबी दूर कर सकेगा? मुझे तो डर यह लगता है कि 22 वीं सदी पूरी होते-होते कहीं ऐसा न हो जाए कि भारत के हर प्रांत और हर जिले को सांप्रदायिक और जातिवादी आधार पर बांटने की मांग पनपने लगे। आज भारत की राजनीति में अनेक सक्रिय दल ऐसे हैं, जिनका आधार शुद्ध संप्रदायवाद या शुद्ध जातिवाद है। यह राष्ट्रीय समस्या है।

# शक्कर कारखाने पर मुख्यमंत्री के सकारात्मक रूप से किसानों में हर्ष, मुख्यमंत्री का जताया आभार

**सबलगढ़।** गत दिवस सबलगढ़ नगर के द ब्राईट स्कूल सभागार में क्षेत्र के गन्ना उत्पादक किसानों एवं समाजसेवियों की दशकों से बंद पड़े कैलारस शक्कर कारखाने को लेकर बैठक संपन्न हुई। उक्त बैठक में मध्यांचल किसान कंपनी के प्रबंधक महेश दत्त पाराशर विशेष रूप से मौजूद रहे। श्री पाराशर ने कहा कि उक्त कारखाने को व्यवस्थित व सुचारू रूप से चलाने की संभावनाओं को लेकर गत माह में किसानों एवं समाजसेवियों के एक शिष्टमंडल द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से चर्चा की। जिसमें सारी बातें सुनने के बाद मुख्यमंत्री ने गन्ना उत्पादक किसानों के हित में मात्र 4 घंटे में आदेश जारी किए। उक्त कारखाने के विक्रय आदेश पर अंतिम निर्णय नहीं लिया गया, यह मुख्यमंत्री के किसान हितेषी सोच को दर्शाता है। इसके अलावा केन्द्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर व प्रदेशाध्यक्ष भाजपा वीडी शर्मा की भी प्रतिनिधि मंडल से भेंट व प्रतिक्रिया सकारात्मक थी। इस मुहिम मे सहकारिता मंत्री अरविंद भदौरिया व सिंचाई मंत्री ने कारखाना चलाने के लिए मुख्य सचिव को दो पत्र भी लिखे है व सिचाई मंत्री तुलसी सिलावट ने अपने साथ प्रतिनिधि मंडल को ले जाकर मुख्य मंत्री से भेंट



कराई व अनुशंसा की। बैठक को संबोधित करते हुए श्री पाराशर ने कहा कि मैं स्वयं अपने 50 वर्षो के लंबे अनुभव के आधार पर कह सकता हूं कि यह शक्कर कारखाना 100 प्रतिशत सफलतापूर्वक पूर्व की भांति ही चलेगा। वर्तमान परिस्थिति को अगर ध्यान में रखा जाए तो मुरैना जिले में एक नहीं दो कारखानों के संचालन की पूर्ण संभावना है। कारखाने में उत्पादन अब किसानो की गन्ना उत्पादन के लिए इच्छा पर अधिक निर्भर है। क्योंकि उत्पादन तो गन्ने से ही होगा, कारखाना किस क्षमता का हो यह भी गन्ना उत्पादन और उपलब्धता के आधार पर ही तय किया जा सकेगा। उपस्थित गन्ना उत्पादक किसानों एवं समाजसेवियों के बीच बोलते हुए किसान नेता एवं मध्यांचल किसान कंपनी के एडवाइजर संजय फक्कड ने कहा कि कैलारस शक्कर कारखाना से संपूर्ण क्षेत्र के गन्ना उत्पादक किसानों का आत्मिक लगाव है तथा उनकी आय का स्रोत भी है। उक्त कारखाने के पुनः चलने पर क्षेत्र में समृद्धि के साथ रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। कैलारस पर शक्कर कारखाने के संचालन के आदेश बहुत जल्दी ही जारी होंगे, ऐसा हमें पूर्ण विश्वास है। यह अलग बात है कि यह कारखाना बिककर चले या लीज पर चले पर चलेगा जरूर। श्री फक्कड़ ने विशेष रूप से कहा कि कंपनी का पूरा प्रयास है कि उक्त कारखाने के चलने से पहले ही गन्ना उत्पादक किसानों व कर्मचारियों की बकाया राशि का भुगतान किया जाए। इस दौरान उपस्थित किसानों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा उक्त कारखाने को बंद करने से ज्यादा उत्साह से पुनः चलाने में सहमति दिखाने पर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा के अध्यक्ष राम प्रताप सिंह जादौन, भूप सिंह रावत सरपंच, रामनिवास कुशवाह सरपंच, अज्जू खान सरपंच, धर्म सिंह जादौन, शिवदयाल शांडिल्य, राम प्रकाश त्यागी, लोकेंद्र सिंह रावत, काजी जलील, दिलीप शर्मा, कुलदीप पाठक, सत्येंद्र शर्मा, हरिनंदन त्यागी, अरविंद मुद्गल, भूपेंद्र मरैया, पीतम सिंह रावत, उदय सिंह रावत, महेंद्र मरेया, राजवीर सिंह जादौन, प्रमोद त्यागी, अशोक प्रजापति, राम सिंह रावत, गजेंद्र सिंह रावत आदि विशेष रूप से मौजूद थे।

## कटीबरी हनुमान पर दंगल में पलवानों ने दिखाए दांवपेंच, दर्शकों ने ताली बजाकर किया उत्साहवर्धन

**मुरैना।** ग्राम पंचायत जाफराबाद के कटीबरी हनुमान जी मंदिर पर विशाल प्राचीन दंगल का आयोजन किया गया। इस दौरान दंगल में पहलवानों ने अपने दांव पेंच दिखाए। दंगल की शुरूआत छोटे और



बड़े पहलवानों की कुश्ती के साथ हुई। जिसमें इनामी राशि 100 रुपये से लेकर 11000 रुपए तक रखी गई थी। इसके बाद यहां दूर दराज से आए पहलवानों ने अपने जौहर दिखाए। दंगल में हरियाणा, दिल्ली, भिंड, मुरैना, ग्वालियर के पहलवानों ने शिकरत की। इस दौरान लगभग 50 से अधिक कुश्तियों का आयोजन किया गया। उधर दंगल देखने के लिए भारी संख्या में भीड़ एकत्रित हो गई। दंगल कमेटी ने लोगों के आने के अनुसार व्यवस्थाएं की थी। दंगल में व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस फोर्स का भी इंतजाम किया गया था। अक्सर दंगलों में आयोजित कुश्तियों में विवाद की स्थिति बन जाती हैं, लेकिन पुलिस फोर्स के रहने से यहां शांतिपूर्ण तरीके से दंगल का आयोजन हुआ। दंगल में कांग्रेस प्रदेश सचिव राम लखन दंडोतिया ने दो पहलवानों के बीच हाथ मिलाकर कुश्ती की शुरूआत कराई। इस दौरान जीतने वाले पहलवान को नगद पुरस्कार वितरण किया गया। दंगल के आयोजन सरपंच सरनाम सिंह यादव, प्रेम सिंह यादव, मुन्ना लाल यादव, खेम सिंह यादव, पप्पन यादव, भरत पचोरी एवं हजारों लोग मौके पर उपस्थित थे।

## ग्रामीणें ने पानी की समस्या निदान के लिए विधायक से लगाई गुहार

**मुरैना।** जैसे-जैसे तामतान बढ रहा है, अंचल में जल संकट गहराने लगा है। इसी प्रकार की समस्या को लेकर ग्राम कलींदे का पुरा के ग्रामीणों ने मुरैना विधायक राकेश मावई से गुहार लगाई है। उल्लेखनीय है कि ग्राम कलींदे का पुरा क्षेत्र में पानी की समस्या



को लेकर ग्रामीणों ने मुरैना विधानसभा विधायक राकेश मावई के बानमौर स्थित निवास पर आकर अवगत कराया। ग्रामीणों की समस्या को सुनने के बाद विधायक ने तत्काल प्रभाव से पीएचई विभाग के अधिकारियों को ग्रामीणों की समस्या के तहत नवीन हैंडपंप स्वीकृत कराने के लिए निर्देशित किया।

# समाज के निर्माण में युवाओं की अहम भूमिका है: ओकेन्द्र सिंह

**मुरैना।** ग्राम पंचायत सिहोरी में युवा एकता मंच द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि यूथ आईकॉन ओकेन्द्र सिंह राणा हरियाणा से मुख्य अतिथि के रुप में मौजूद रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में गायक जीत राजपूत, संतोष सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष करणी सेना, महेंद्र सिंह सिकरवार जिला अध्यक्ष अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा, संतोष सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष करणी सेना मौजूद रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ओकेन्द्र सिंह राणा ने अपने उद्बोधन में कहा कि क्षत्रियों को आज एक होने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि समाज के निर्माण में युवाओं की अहम भूमिका है। इस दौरान उन्होंने समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने व नशाबंदी पर जोर दिया, साथ ही युवा एकता मंच के द्वारा किए कार्य को सराहना की। इस दौरान अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के जिला अध्यक्ष महेंद्र सिंह सिकरवार ने अपने उद्बोधन में कहा कि क्षत्रियों के लिए संगठनात्मक एवं रचनात्मक कार्य किए जाएं। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वजों के द्वारा जो विरासत में दिया गया, उसको लोगों के बीच में प्रसारित करने की जरूरत है, साथ ही अहम योगदान और गौरव गाथाओं को आने वाली पीढ़ी को बताना चाहिए। उन्होंने कहा कि युवा एकता मंच के द्वारा किए गए कार्यों की प्रगति लोगों के लिए अनुकरणीय है, समस्त सिकरवारी की ग्राम पंचायतों इस पहल को अपनाना चाहिए। इसी कार्यक्रम के दौरान युवा एकता के





अध्यक्ष जितेन सिंह परमार के द्वारा पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ लोगों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग युवा एकता मंच में एक कड़ी के रूप में मिलकर कार्य करें और अपनी ग्राम पंचायत एवं अन्य ग्राम पंचायतों में भी इसी तरह के कार्यक्रम चलाएं। इस अवसर पर कुलदीप सिंह सिकरवार, अमन सिकरवार, धर्मेंद्र सिंह सिकरवार, सौरव सिकरवार एवं युवा एकता मंच के संयोजक प्रदीप परमार, अध्यक्ष जितेंद्र सिंह परमार, सतीश सिंह सिकरवार रवि सिकरवार, उपेंद्र सिकरवार, अमित सिकरवार, टिंकू सिकरवार विकास गौर, प्रदीप सिकरवार, फतेह सिंह सिकरवार, रिंकू परमार आदि लोग उपस्थित रहे।

## ट्रक एवं लोडिंग की भीषण भिड़ंत, एक दर्जन से अधिक घायल

**मुरैना।** सोमवार को तड़के जैतपुर गांव में अंबाह से लगुन फलदान आया हुआ था, जिसमें करीब एक दर्जन से अधिक लोग मैक्स गाड़ी में सवार होकर वापस अम्बाह की तरफ जा रहे थे, तभी पिपरई गांव के पास तेज रफ्तार ट्रक ने मैक्स गाड़ी में टक्कर मार दी, जिससे मैक्स में सवार



करीब एक दर्जन से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को एंबुलेंस के द्वारा मुरैना में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार अंबाह से जैतपुर गांव में फलदान लेकर लोग शामिल होने के लिए पहुंचे थे, जब वापस अंबाह की तरफ आ रहे थे, तभी सोमवार को सुबह होने से पूर्व करीब 3 बजे सराय छोला थाना क्षेत्र के पिपरई गांव के पास ट्रक ने मैक्स गाड़ी में टक्कर मार दी, जिससे एक दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही सराय छोला थाना पुलिस और 108 एंबुलेंस के पायलट अतुल पाराशर और ईएमटी संतोष शर्मा मौके पर पहुंचे और सभी घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर आए, जहां ड्यूटी डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार करने के बाद सभी घायलों को जिला अस्पताल के सर्जिकल वार्ड में भर्ती करा दिया गया है। जहां संबंधित डॉक्टर के द्वारा घायलों का उपचार किया जा रहा है। वहीं पुलिस ने टक्कर मारने वाले ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर ट्रक की तलाश में जुटी हुई है।



## सिलेंडर में विस्फोट होने से मकान धराशाई, एक की मौत, एक घायल

**मुरैना।** बानमोर थाना क्षेत्र के बामौर गांव में प्रधानमंत्री आवास के नजदीक एक किराए के मकान में रविवार की रात को तेज विस्फोट हुआ और मकान ढह गया। इस दौरान मकान में रह रहे पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है, अस्पताल पहुंचते ही पति की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और राहत बचाव कार्य में जुट गई। विस्फोट का कारण गैस सिलेंडर का फटना बताया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बामौर गांव निवासी कल्लू पुत्र नन्हे खां और उनकी पत्नी नन्नी किराए के मकान में रहते है। बताया जाता है कि शाम के समय पत्नी खाना बना रही थी, तभी भीषण धमाका हुआ और तेज आवाज के साथ मकान का एक हिस्सा ढह गया।




जिसमें कल्लू और नन्ही दोनों ही दबकर घायल हो गए। गंभीर घायल नन्हे खां को उपचार के लिए ग्वालियर भेजा गया, जहां रास्ते में नन्हे खान की मौत हो गई, वहीं घायल महिला को नूराबाद अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलने पर मध्य प्रदेश पिछड़ा वर्ग अल्पसंख्यक वित्त विकास निगम के चेयरमैन रघुराज सिंह कंसाना नूराबाद अस्पताल पहुंचे और घायल महिला का हालचाल जाना एवं घायल महिला को सांत्वना देते हुए मुख्यमंत्री से मृतक के लिए उचित सहायता राशि दिलाने का आश्वासन दिया।

# फर्जी फसल घोटाला : चार हजार करोड़ के घोटाले में बिचौलिए ही नहीं भाजपाई भी शामिल : माकपा

**भोपाल।** पिछले डेढ़ दशक से भी लंबे समय से चल रहे गेहूं घोटाले में बिचौलिए ही नहीं प्रशासन और भाजपाई भी बड़े पैमाने पर शामिल हैं। इसलिए घोटाला सामने आने के बाद भी प्रदेश की शिवराज सिंह चौहान सरकार कानों में रूई डाले पड़ी है, क्योंकि असली घोटालेबाज सामने आने पर केवल सत्ताधारी पार्टी के ही कई सफेदपोश बेनकाब नहीं होंगे, बल्कि सरकार की ओर से तैयार की गई कृषि विकास के फर्जी आंकड़ों की मचान भी भरभरा के गिर पड़ेगी।

मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव जसविंदर सिंह ने बयान जारी करते हुए कहा है कि प्रदेश के 52 में से 47 जिलों के आधे किसानों की जमीन की जांच करने के बाद ही यह तथ्य सामने आया है कि 56 हजार 123 हेक्टेयर फर्जी भूमि पर



खेती होना दर्शाई जा रही थी। इसकी पैदावार करीब 14 लाख 3 हजार 75 क्विंटल बताई जा रही थी, जिसकी कीमत 280 करोड़ रुपए है। यदि यह घोटाला डेढ़ दशक से हो रहा है तो 4200 करोड़ रुपए का घोटाला हुआ है। यह सारा पैसा बिचौलिए की जेब में ही नहीं पहुंचा है। बल्कि नौकरशाहों और राजनेताओं की जेबें भी गर्म हुई हैं। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने कहा है कि यदि आधे किसानों की जांच से यह घोटाला पकड़ा गया है तो पूरे किसानों की जांच करने पर यह घोटाला दुगना या इससे भी अधिक हो सकता है। जाहिर है कि यह घोटाला 8400 करोड़ से अधिक का तो है ही। जसविंदर सिंह ने कहा है कि इस घोटाले की निष्पक्ष जांच करने पर तीन तरह के घोटाले उजागर होंगे। एक तो गरीबों के लिए एक रुपए किलो वाला गेहूं इस फर्जीवाड़े में सरकार को ही एमएसपी की दर पर बेच दिया गया, जिससे गरीबों के मुंह का निवाला भी छीना और सरकार को भी चपत लगाई गई। दूसरा जब प्रदेश के बहुमत किसानों का गेहूं समर्थन मूल्य पर नहीं खरीदा जा रहा था, तब बिचौलिए पड़ोसी राज्यों से सस्ते में गेहूं खरीद कर मध्यप्रदेश में बेच रहे थे। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने कहा है कि प्रदेश सरकार लगातार कृषि कर्मण पुरस्कार प्राप्त कर रही थी। इस घोटाले के सामने आने के बाद यह स्पष्ट हो गया है कि कृषि विकास दर के यह आंकड़े भी फर्जी थे। यदि इस घोटाले के बाद प्रदेश की कृषि विकास दर नीचे आती है तो जाहिर हो जाएगा कि प्रदेश सरकार ने झूठे आंकड़े प्रस्तुत कर राष्ट्र के सामने भी झूठ बोला है।

# अंबाह मैं जीनियस पब्लिक स्कूल (सी बी एस ई) कर रहा पढ़ने वाले बच्चों के पालकों के साथ किताबों को लेकर मनमानी पालक मजबूर जिम्मेदार प्रशासन संज्ञान ले

**गणेश शंकर राजोरिया**
**पुष्पांजलि टुडे**

**अंबाह।** अंबाह जीनियस पब्लिक स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के पालकों द्वारा बताया गया है कि जीनियस विद्यालय किताबों लेकर पालकों के साथ मनमानी कर रहा है और बच्चों के पालक जो किताबे खरीद रहे है वो केवल राजू बुक सेंटर पर ही मिल रही है जबकि अंबाह के एसडीएम श्री राजीव समाधिया जी ने अंबाह के निजी विद्यालयों को निर्देशित किया है कि निजी विद्यालय की किताबें पांच दुकानों पर मिले फिर भी निजी विद्यालय अपनी मनमानी कर पालकों पर दबाव डालते है विद्यालय के दबाव के कारण बच्चों के पालक शिकायत भी नही करसकते है अप्रैल माह शुरू होते ही विद्यालय व पुस्तक विक्रेता की मनमानी चलने लगी है मध्य प्रदेश शासन ने विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों के परिवारों को राहत देते हुए राज्य सरकार ने निजी स्कू लों की फीस वृद्धि पर रोक लगा रखी है। लाकडाउन के कारण स्कूल बंद हैं। लेकिन नए सत्र आते आते पढ़ाई के नाम पर निजी स्कूलों में किताबों का धंधा शुरू हो गया है। निजी स्कूल संचालक अभिभावक पर किताब खरीदने का दबाव बना रहे हैं। किताब खरीदना तो ठीक अभिभावक की समस्या यह है कि हर निजी स्कू ल संचालक ने अपनी स्टेशनी दूकान फिक्स कर रही है। उस विद्यालय की किताबे सिर्फ एक पुस्तक दुकान पर ही मिलती है। फिक्स दुकान से अभिभावक महंगी किताब खरीद कर लुटने को मजबूर है

### इस वर्ष अप्रैल माह में शुरू हुआ है सांठ गांठ का खेल

शहर के नामी निजी विद्यालय से जुड़े सूत्रों ने बताया की निजी स्कू ल फीस से अधिक कमीशन किताब विक्रेता एवं प्रकाशक से सांठगांठ कर कमाते हैं। प्रकाशन स्कू ल में आकर छात्र संख्या के हिसाब से किताबों का सिलेवस तय करते है कमीशन के लिए निजी विद्यालय केजी से लेकर 8 वीं तक निजी प्रकाशकों की किताबे चलाकर 40 से 50 फीसदी कमीशन काटते हैं।



### 40-50 फीसदी अनुमानित कमीशन का खेल

शहर की हर बड़ी निजी स्कूल अलग-अलग लेखकों की पुस्तक सिर्फ इसलिए चलाते है कि उन्हें विक्रेता से मोटा कमीशन मिल सके। अविभावकों का कहना है कि इस साल भी पुस्तकों के दाम 20 फीसदी तक बढ़ा दिए गए हैं। उनकी मजबूरी यह है कि दूसरी दुकानों में बुक न मिलने के कारण वह फिक्स दुकान से महंगी किताब खरीने को मजबूर हैं।

### प्रत्येक वर्ष बदल देते हैं बुक

सीबीएसई कोर्स संचालित करने वाले निजी विद्यालय बड़े पुस्तक विक्रेताओं से मिलकर अविभावों को जमकर लूटते हैं। इतना ही नहीं दूसरे साल इन किताबों का उपयोग न हो पाए। इसलिए चालबाजी करते हुए स्कूल संचालक हर साल सेट की दो तीन किताबे बदल देते हैं। वहीं विक्रेता अविभावकों को पूरा सेट बेचते हैं। अलग से किताब न मिलने के कारण घर में पूरानी किताब उपलब्ध होने के बाद भी अविभावक 2 से 4 हजार रूपए का किताबों का सेट खरीदने को मजबूर हैं

### किताब घर ....

इनका कहना है कि किताब केवल शासन को दी गई लिस्ट में है असलियत में केवल एक ही बुक सेंटर पर प्राप्त होती है

### रानू बुक सेंटर.....

रानू बुक सेंटर से जब जीनियस पब्लिक स्कूल की बुक देने के लिए कहा तो जवाब ये मिला की बुक तो नही है और इनका जवाब किताब घर की तरह था

### संदीप बुक सेंटर......

जीनियस पब्लिक स्कूल ने सूची मैं संदीप बुक सेंटर का पता तक नहीं दिखाया है

राजू बुक सेंटर व सीमा बुक सेंटर एक ही परिवार के है लोगों द्वारा बताया गया है सब कमीशन का खेल है एक ही बुक सेंटर वाले ने दो दो बुक सेंटर के पंजीयन अलग अलग नाम से करके रखे हुए है।

## जिला कराटे टीम का हुआ चयन प्रादेशिक प्रतियोगिता में लेगी भाग



**ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

**मथुरा-** कराटे एसोसिएशन ऑफ मथुरा द्वारा जनपद के खिलाड़ियों का चयन किया गया जिसमें सब जूनियर वर्ग , कैडेट वर्ग , जूनियर वर्ग , अंडर 21 वर्ग, सीनियर वर्ग, के मथुरा जिले के खिलाड़ियों ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया । जिसमे लगभग जनपद से 40 चयनित खिलाड़ी 6 से 8 मई को केडी सिंह बाबू स्टेडियम लखनऊ में राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे । चयन ट्रायल में मुख्य अतिथि के रूप में जिला ओलंपिक संघ मथुरा के सचिव - श्री महेंद्र राजपूत जी व जिला कराटे संघ मथुरा के चेयरमैन - अरविंद चित्तौड़िया जी व जिला कराटे संघ की अध्यक्ष - गुंजन दिक्षित व उपाध्यक्ष - राजेंद्र सिंह , उपसचिव - गुलशन शर्मा , कोषाध्यक्ष - अर्जुन सिंह , व सदस्यगण अनेक बाबू ,शुभम, सुगड़ सिंह , लोकेश तिवारी आयोजक विकास शर्मा आदि उपस्थित हुए यह जानकारी कराटे एसोसिएशन ऑफ मथुरा के महासचिव - प्रेमपाल सिंह द्वारा दी गई ।

## खोंड़ मंडल द्वारा मनाया गया वित्तीय समावेशी गौरव दिवस

**राकेश परिहार ,पुष्पांजली टुडे**

**पिछोर,**खोंड में परम श्रद्धेय श्रीमंत महाराज साहब कैबिनेट मंत्री मध्यप्रदेश शासन जी की आशीर्वाद से शिवपुरी विधानसभा के ख़ोंड मंडल ने वित्तीय समावेशी गौरव दिवस मनाया गया जिसमें ग्राम पंचायत के ग्रामीण जन उपस्थित रहे साथ ही प्रधानमंत्री जन कल्याणकारी योजना के बारे में बताया गया जिसमें प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना प्रधानमंत्री अटल पेंशन योजना प्रधानमंत्री जीवन ज्योति आदि तमाम योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई जिसमें ग्राम की समस्त कार्यकर्ता एकत्रित होकर वित्तीय समावेशी गौरव दिवस में उपस्थित होकर योजनाओं की विस्तार पूर्वक जानकारी सुनी साथ ही ग्राम के अन्य लोग भी मुख्य रूप से वित्तीय समावेशी गौरव दिवस में उपस्थित रहे एवं सभी ने अपनी अपनी राय दी और साथ ही लोगों के लिए योजनाओं को लेकर जागरूक किया गया जिसमें कहा गया कि हर एक पार्टी कार्यकर्ता का दायित्व है कि वह शासन की योजनाओं का प्रचार प्रसार करें जिससे ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को शासन की योजनाओं की



जानकारी प्राप्त हो सके वित्तीय समावेशी गौरव दिवस कार्यक्रम में उपस्थित रहे भारतीय जनता पार्टी मंडल खोंड अध्यक्ष केरल सिंह लोधी महामंत्री महेश प्रताप सिंह परिहार एवं ग्राम के समस्त ग्रामवासी एवं क्षेत्र के कई विशेष लोग मुख्य रूप से कार्यक्रम में सम्मिलित हुए एवं उपस्थित रहे।


## ट्रक की टक्कर से स्कूल की बस पलटने से बाल-बाल बच्ची, बड़ा हादसा टला



**रिपोर्टर संजय सिंह तोमर पुष्पांजली टुडे**

आगरा ताज नगरी आगरा के आगरा ग्वालियर रोड स्थित रोहता नहर चौराहे पर सोमवार की सुबह चीख पुकार मच गई। बताया जाता है कि एक स्कूल की बस छात्र छात्राओं को लेकर स्कूल जा रही थी। तभी रोहता नहर चौराहे पर एक ट्रक ने बस को टक्कर मार दी। धमाके की आवाज सुनकर आसपास के लोग घटनास्थल पर दौड़ पड़े। तो वही बस में सवार छात्र-छात्राओं की चीख निकल गई। बस एक्सीडेंट की सूचना पाकर अभिभावक भी बड़ी संख्या में मौके पर पहुंच गए और वह हंगामा करने लगे। अभिभावको का कहना है कि अवैध बालू मंडी यहां से हटनी चाहिए । यहां पर आए दिन दुर्घटनाएं होती है। थाना सदर की पुलिस ट्रक और बस को थाने ले गई और उचित कार्रवाई करने की बात कही है। लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया।

## आगरा किला पर भारतीय परंपरा के अनुसार पर्यटकों का हुआ स्वागत, गीतों पर जमकर झूमे



**पुष्पांजली टुडे**

**आगरा –** विश्व धरोहर दिवस के अवसर पर सेंट एंड्रयूज स्कूल के छात्र-छात्राएं राजा महाराजाओं के परिधानों को पहनकर आगरा फोर्ट पहुंचे। आगरा किले पर पहुंचकर सभी लोगों ने वहां आने वाले देशी-विदेशी पर्यटकों का भारतीय परंपरा के अनुसार स्वागत सत्कार किया और उन्हें विश्व धरोहर दिवस की जानकारी दी। भारतीय परंपरा के अनुसार स्वागत सत्कार पाकर देसी विदेशी पर्यटक काफी उत्साहित नजर आए तो वहीं विदेशी पर्यटक तो भारतीय संस्कृति में जमकर छात्र छात्राओं के साथ नाचते झूमते हुए दिखाई दिए।

### भारतीय संस्कृति में रमे विदेशी पर्यटक

सेंट एंड्रयूज के छात्र छात्राओं की ओर से विदेशी पर्यटकों का जोरदार स्वागत सत्कार किया गया। उनके तिलक लगाकर, माला पहनाया तो इस स्वागत सत्कार से विदेशी पर्यटक भी काफी उत्साहित नजर आए। वह भारतीय संस्कृति में भी पूरी तरह से रम गए और छात्र छात्राओं के साथ गीतों पर नाचते झूमते हुए दिखाई दिए। इस दौरान विदेशी पर्यटकों ने इस वार्म वेलकम के लिए सभी छात्र छात्राओं का आभार भी व्यक्त किया।

### विश्व धरोहर दिवस की दी जानकारी

इस अवसर पर स्कूली छात्र छात्राओं के साथ साथ शिक्षकों ने भी देशी और विदेशी पर्यटकों को विश्व धरोहर के इतिहास से रूबरू कराया। काफी पर्यटक तो ऐसे थे जिन्हें विश्व धरोहर दिवस की जानकारी नहीं थी। सेंट एंड्रयूज के प्रिंसिपल डॉक्टर गिरधर शर्मा का कहना है कि आज विश्व धरोहर दिवस है, इसीलिए हर वर्ष की भांति स्कूल के छात्र छात्राएं देसी विदेशी पर्यटकों का स्वागत करने और उन्हें विश्व धरोहर दिवस से रूबरू कराने के लिए आए हैं। विश्व धरोहर दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य यह है कि जो ऐतिहासिक धरोहर हमारे पास हैं उन्हें संजोय के रखा जाये जिससे आगे वाली पीढ़ी भी इन का अवलोकन कर सके।

## आगरा मे लव जिहाद का मामला बड़ी जोरों पर

**रिपोर्टर संजय सिंह तोमर पुष्पांजली टुडे**

**आगरा –** इरादत नगर मे एक गरीब परिवार की बेटी को प्रेम जाल मे फंसाया। श्रीमती माला पत्नी स्व बबलू जाटव निवासी करोधना थाना इरादत नगर आगरा की पुत्री अंजली उम्र 16 बर्ष है



अंजलि को नदीम कुरैसी पुत्र मेराजुददीन का लडका निवासी पक्की सराय नई आबादी मदीना मस्जिद थाना ताजगंज का रहने वाला था वह अंजली से हिन्दू समाज का लड़का बन कर बात चीत चालू कर दी और कुछ समय बाद उसने युवती से मिलने इरादत नगर आया और उसे बेहला फुसला के भगा ले गया जब यह खबर युवती अंजली के परिवारी जन को मालूम पड़ी तो थाना इरादत नगर मे रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस प्रशासन इसकी तहकीकात मे जुट गया और युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिए तथा अंजली को बरामद कर परिवार जनों को सौंप दिया थाना इरादत नगर पुलिस टीम का सराहनीय कार्य रहा।

## महासभा अध्यक्ष पी. पी. चौधरी को एक साल शिक्षा के नाम अभियान की प्रगति से अवगत करवाया

**पुष्पाजंली टुडे**

**दिल्ली –**सीरवी समाज भवन मय छात्रावास, दिल्ली की स्थापना को लेकर एक साल शिक्षा के नाम अभियान में पिछले एक माह में जन जागरण व वातावरण निर्माण हेतु किये गये प्रयासों की संक्षिप्त जानकारी, अखिल भारतीय सीरवी समाज, दिल्ली के सचिव राजूराम चोयल ने अखिल भारतीय सीरवी महासभा के अध्यक्ष पी. पी. चौधरी से उनके दिल्ली निवास पर दी। दिल्ली सीरवी समाज की बैठक अध्यक्ष भंवरलाल परिहारिया की अध्यक्षता में शाहदरा, दिल्ली में की गई, जिसमें गोपाराम पंवार व दुर्गाप्रसाद परिहार भी उपस्थित रहे बैठक में गोपाराम पंवार को छात्रावास अभियान के प्रचार प्रसार के लिए समन्वयक अधीकृत किया गया।अभियान की प्रस्तावित रूपरेखा को लेकर धर्मगुरु दीवान साहब से होली के रामाश्यामा के दिन चर्चा



गोपाराम पंवार द्वारा की गई। अखिल भारतीय सीरवी महासभा के अध्यक्ष पी. पी. चौधरी से चर्चा दि. 28.03.2022 को गोपाराम पंवार द्वारा की गई। सुझावों अनुसार बैनर तैयार करवाया-एक साल शिक्षा के नाम का जिसमें महासभा कोषाध्यक्ष व महासचिव से भी चर्चा की गई।अभियान शुभारंभ हेतु बैनर का विमोचन बिलाड़ा में दिनांक 31.03.2022 को शिक्षा के नाम अभियान का शुभारंभ धर्मगुरु दीवान साहब द्वारा बिलाड़ा में किया गया इस अवधि में वातावरण निर्माण का प्रयास लगातार सभी के द्वारा जारी रहा.खारिया मीठापुर में आयोजित नवगृह प्रवेश के अवसर पर धर्मगुरू दीवान माधवसिंह सानिध्य में प्रचार प्रसार व जनसमुदाय को जानकारी दी गई।अबतक कुल 37 भामाशाहों से लगभग 40 लाख रुपए की छात्रावास हेतु घोषणाएं हो चुकी है। पी पी चौधरी इस अवसर पर अवगत करवाया गया कि शीघ्र ही पूरे समाज सहित महासभा के सभी पदाधिकारी मय सदस्य भी दिल्ली छात्रावास के लिए दिल्ली समाज के साथ कदम से कदम मिलाकर सक्रिय भूमिका निभायेगें।ये जानकारी गोपाराम पंवार द्वारा दी गई।

## नवागत एसडीओपी परिमाल सिह मेहरा ने संभाला अम्बाह डिबीजन का पदभार...

**केशब पंडित जी चम्बल ब्यूरौ**

**अम्बाह**...मुरैना जिले के अम्बाह डिबीजन के नवागत उप पुलिस अधीक्षक श्री परिमाल सिह मेहरा जी ने पहले कार्यालय परिषर में बने बंजरंग वली की स्तुती की व भारत माता की पूजा याचना करते हुऐ सोमबार को दोपहर एसडीओपी कार्यालय पहुच कर अपना पदभार संभाल लिया है और उन्हौने कहा है लाइन ऑडर्र जैसी स्थिति को कायम रखने के लिये जनता के बीच संबाद के जरिये से अपराधो पर अंकुश रखेगे युवा अधिकारी परिमाल सिह मेहरा 2012 बैच के अधिकारी है और वे ग्वालियर जिले के रहने बाले है उनकी शिक्षा दीक्षा गवालियर से ही है बे काफी, सहज, सरल, गम्भीर, और लोकप्रिय, अफसर माने जाते है उनकी पुलिसिग की हमेशा सराहना की जाती है उनका पहला प्रोवीजन पीरियड भिण्ड जिले का है उनकी पहली पोस्टिग बरिहर बालाघाट में हुई उसके वाद चम्बल मे भिण्ड मुरैना के जौरा डिवीजन उनकी पुलिसिग की ब्यबस्था को देखते हुऐ उन्है काफी पुरूस्कारो से नबाजा भी गया है तदोपरान्त मन्दसौर एसडीओपी रहते हुये क्राइम पर कन्ट्रोल करते हुये अच्छे



अफसर के रूप में भी अपनी छाप छोडी है इससे पहले चम्बल में मुरैना पुलिस अधीक्षक डा.असित यादव के समय जौरा की कमान संभालते हुऐ ताबड तोड कारबाहियो से जौरा में अमन चैन शान्ति ब्यबस्था करने में सफलता हासिल कर सफल एसडीओपी कहै जाने बाले परिमाल सिह मेहरा को अम्बाह उप पुलिस अधीक्षक के रूप मे मन्दसौर से मुरैना जिले में द्वावारा भेजा है वे मुरैना की जनता व अपराधियो को भलीभाँति से जानते है वे पहले न्याय प्रिय अफसर रहे है इस लिये उन्है अम्बाह की बिगडती ब्यबस्था को संभालने को उन्है द्वावारा भेजा है परिमाल सिह मेहरा को महकमे के लोग भी काफी पंसन्द करते है वे जहा भी रहै है अपराधो में गिराबट और अपराधियो में उनका खौफ बरकरार रहा है श्री मेहरा ने कार्यभार ग्रहण करने के उपरान्त कार्यालीन स्टॅाप से परिचय प्राप्त किया और जनता के बीच आवेदन प्राप्त कर उनकी समस्या सुनकर सम्बधितो अधिकारियो को भेजकर जल्द निराकरण करने हेतु कहा है और बाद में उन्हैाने पेन्डिग फाइलो को भी दैखा



## युवा मोर्चा अध्यक्ष ओबीसी एससी एसटी एकता महासभा द्वारा डॉ. अंबेडकर जयंती पर निकाला गया चल समारोह

**महेंद्र शर्मा, रिपोर्टर ग्वालियर संभाग**

**ग्वालियर।** डॉ. अंबेडकर जी को संविधान का पिता माना गया है, अंबेडकर जी ने संपादन समिति के अध्यक्ष के पद पर रहकर अपनी कुशल क्षमताओं का परिचय दिया एवम उन विशिष्ट क्षमताओं से देश को संविधान जैसा महत्वपूर्ण ग्रंथ देकर नया आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। हम सभी आज भी उनके याद करते है और वो हम सभी के दिलों में अमर है। इसी उपलक्ष में उनकी जयंती पर लक्ष्मण सिंह जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा ओबीसी एससी एसटी एकता महासभा के नेतृत्व निकाला गया चल समारोह 14 अप्रैल 2022 को डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर जयंती के उपलक्ष में चल समारोह गुरुद्वारा रोड गोहद चौराहा से अम्बेडकर पार्क गोहद तक का आयोजन किया गया चल समारोह में मुख्यरूप से ओबीसी एससी एसटी एकता महासभा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष भिण्ड लक्ष्मण सिंह उपस्थित रहे। जगह जगह स्वागत हुआ जिसमें सुमेर कालोनी , गौतम नगर , माता का पुरा , मण्डी तिराहा गोलाम्बर तिरहा होते हुये अम्बेडकर पार्क पहुच कर बाबा साहव को माल्यापर्ण कर और जय भीम के नारो से साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। साथ ही वहां बन्टी निगम, नीरज बिरथरिया, सतेन्द्र सिंह, प्रेम सिंह, उमेश खन्ना, राहुल अरूण, सतेन्द्र राजू आभिषेक आदि लोग उपस्थित रहे।



## कलेक्टर की अध्यक्षता में साप्ताहिक समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** बैठक में कलेक्टर द्वारा सीएम हेल्पलाइन की विभागवार समीक्षा कर बेहतर कार्य करने वालों को बधाई साथ ही निम्न प्रगति वालों को गुणवत्ता पूर्ण निराकरण कर प्रगति लाने के निर्देश,साथ ही कुछ अधिकरियों पर कार्यवाही के निर्देश दिए। कलेक्टर द्वारा कलेक्टर-कमिशनर कॉन्फ़्रेन्स संबंधी तैयारी की समीक्षा कर संबंधित विभागों द्वारा उनके द्वारा की जाने वाली कार्यवाही समय से पूर्ण करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने शिक्षा विभाग की समीक्षा कर सीएम राइज़ स्कूल संबंधी जानकारी लेकर निर्देश दिए। ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए पानी एवं बिजली आपूर्ति हेतु पीएचई एवं विद्युत विभाग को निर्देश दिए। उन्होंने जिले में खाद एवं बीज की स्थिति की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश उपस्थित अधिकारियों को दिए। बैठक में एडीएम प्रवीण फुलपगारे, एसडीएम भिण्ड-अटेर उदय सिंह सिकरवार सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## चुनाव खर्च का नहीं दिया ब्योरा 11 प्रत्याशी अयोग्य घोषित

**भोपाल।** विधानसभा चुनाव में हुए व्यय का ब्योरा न देने वाले 11 तत्कालीन प्रत्याशियों को चुनाव आयोग ने अयोग्य घोषित कर दिया है। अब ये आगामी विधानसभा और लोकसभा चुनाव नहीं लड़ पाएंगे। इसमें आम आदमी पार्टी, सपाक्स, अनारक्षित समाज पार्टी सहित निर्दलीय शामिल हैं। उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी प्रमोद कुमार शुक्ला ने बताया कि निर्वाचन के बाद 30 दिन के भीतर प्रत्याशियों को निर्वाचन व्यय की जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी को देनी होती है। सतना, मैहर, देवतालाब, करैरा और खुरई निर्वाचन क्षेत्रों के 11 प्रत्याशियों ने जानकारी नहीं दी थी। इसके लिए उन्हें नोटिस भी दिए गए थे, पर कोई जवाब नहीं दिया गया। पर्याप्त अवसर देने के बाद भी जब व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं किया गया तो करैरा के अर्जुन लाल, सतना के रामोराम गुप्ता, राजेंद्र कुमार वर्मा, श्याम अहिरवार, शशांक सिंह, मैहर के शिवम पांडेय, देवतालाब के गौरीशंकर साकेत और खुरई निर्वाचन क्षेत्र के अनिल चौबे, नरेंद्र सिंह, भगवान सिंह, राजेश और राधे अहिरवार को चुनाव लड़ने के अयोग्य घोषित कर दिया गया है।

## महिला स्व सहायता समूह चलाएंगे अब राशन दुकान

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में अब महिला स्व सहायता समूह उचित मूल्य की राशन दुकान भी चलाएंगे। सहकारिता विभाग ने उन सवा दो हजार दुकानों को छोड़ने पर सहमति दे दी है, जिनमें सेल्समैन नहीं हैं। इन दुकानों का संचालन खाद्य, नागरिक आपूर्ति विभाग राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़े महिला स्व सहायता समूहों से करवाने जा रहा है। इसके लिए समूहों को चिन्हित करने का काम भी प्रारंभ हो गया है। इससे महिलाओं को जहां रोजगार मिलेगा, वहीं राशन वितरण की व्यवस्था भी दुरुस्त होगी। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत प्रदेश में 23 हजार उचित मूल्य की राशन दुकानों से एक करोड़ 11 लाख परिवारों को प्रति माह एक रुपये की दर से गेहूं, चावल और नमक का वितरण किया जाता है। इनमें से 16 हजार 331 दुकानें प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियां संचालित करती हैं।

## सीएम नगरीय निकायों को अंतरित करेंगे 931 करोड़ 50 लाख रुपए

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान प्रदेश के समस्त नगरीय निकायों को 15वें वित्त आयोग की अनुशंसित 931 करोड़ 50 लाख रूपये की राशि 18 अप्रैल को सिंगल क्लिक के माध्यम से जारी करेंगे। इसमें चार मिलियन प्लस शहरों (दस लाख से अधिक जनसंख्या वाले) को 432 करोड़ 50 लाख एवं नॉन मिलियन प्लस शहरों को 499 करोड़ रूपये की राशि अंतरित होगी।

### मंदिर का ताला खुलवाने अन्न छोड़ चुकी हैं पूर्व मुख्यमंत्री

# उमा ने नेताओं को दी सोमेश्वर का ताला खुलवाने की जिम्मेदारी

**रायसेन।** सोमेश्वर महादेव मंदिर का ताला खुलवाने के लिए अन्न छोड़ चुकीं पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने अब ये जिम्मेदारी सांसद, मंत्री और विधायक को दी है। उन्होंने सिलवानी विधायक रामपाल सिंह से कहा है कि इसका ताला जल्द खुलवाएं और मुझे अन्न खिलाएं। क्योंकि, दवाईयों के चलते केवल फलाहार स्वास्थ्य के लिए ठीक नहीं है. खरगोन की घटना पर उमा ने कहा कि हम कोई भी ऐसी स्थिति नहीं बनाएंगे जिससे विरोधियों को मौका मिले।

उमा निजी कार्यक्रम भाग लेने बेगमगंज पहुंची थीं।



उमा भारती ने हाल ही में रायसेन स्थित सोमेश्वर महादेव के ताले खोलने की कोशिश की थी, लेकिन प्रशासन ने ऐसा होने नहीं दिया था. उस वक्त उन्होंने संकल्प लिया था कि जब तक मंदिर का ताला नहीं खुलता, तब तक वे अन्न नहीं खाएंगी. उसके बाद उन्होंने दरवाजे पर जल अर्पण किया और चली गई. अब कई दिनों बाद भी मंदिर का ताला नहीं खुला है और वे बिना अन्न के ही गुजारा कर रही हैं।

### नियमों का पालन किया जाएगा

उमा भारती ने कहा कि ताला खुलवाने की जिम्मेदारी यहां के सांसद रमाकांत भार्गव मंत्री, मंत्री प्रभुराम चौधरी और विधायक रामपाल सिंह को दी है. ये लोग केंद्रीय पुरातत्व विभाग से बात करें। ताला खोलने पर उनके नियम का पालन किया जाएगा. वहीं, उन्होंने विधायक रामपाल सिंह से कहा कि मंदिर का ताला खुलवा कर मुझे अन्न खिलाइए, अभी फलाहार तो कर रही हूं, लेकिन दवाई के कारण फलाहार स्वास्थ्य के लिए ठीक नहीं है. बता दें, रायसेन के किले पर स्थित सोमेश्वर शिव मंदिर का ताला साल में एक बार शिवरात्रि को खोला जाता है. शिव महापुराण कथा के दौरान रायसेन में पंडित प्रदीप मिश्रा द्वारा उठाए गए भगवान कैद मुक्त के मुद्दे के बाद उमा भारती यहां अभिषेक

### वातावरण खराब नहीं होने देंगे: उमा

इस बीच प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती रविवार को शादी में शामिल होने बेगमगंज पहुंचीं. इस मौके पर उन्होंने मीडिया से कहा कि पहले ताला खुला हुआ था. लेकिन कांग्रेस की दो मुखी नीति के कारण दोबारा ताला लग गया. हालांकि, ताला बहुत छोटा है. दरवाजा जो लगा है, वह भी खुला हुआ है. उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि रायसेन का वातावरण खराब नहीं है. जिस जगह किले पर नवाज पढ़ी जाती है, वह मंदिर से काफी दूर है. उन्होंने कहा कि खरगोन की घटना के बाद तय किया है कि हम कोई भी ऐसी स्थिति नहीं बनाएंगे, जिससे हमारे विरोधियों को वातावरण खराब करने का मौका मिले।

# कोलारस पुलिस की बड़ी कार्यवाही बिजली का तार चोरी करने बाली गैंग का किया पर्दाफाश

**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** शिवपुरी के विभिन्न थानों में बिजली तार चोरी के लगातार हो रही घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्रीमान राजेश सिंह चन्देल द्वारा बिजली तार चोरी पर अंकुश लागने हेतु तुरंत सख्त कार्यवाही करने हेतु आदेशित किया गया था। साथ ही श्रीमान द्वारा थाना कोलारस एवं बदरवास के अपराधों के खुलासा करने हेतु 10,000-10,000 रुपये का ईनाम घोषित किये थे। श्रीमान के आदेश के पालन में श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री प्रवीण भूरिया जी एवं एसडीओपी महोदय अनुभाग कोलारस श्री निरंजन सिंह राजपूत जी के मार्गदर्शन में मुखविर तन्त्र को मजबूत किया गया। दिनांक 17.04.2022 को मुखबिर द्वारा सूचना मिली की आटो लोडिग टेक्सी नंबर एम.पी.33 एल-3028 एवं छोटा हाथी लोडिंग वाहन नंबर एम. पी.33 एल 2031 से 7-8 लडके चोरी का बिजली के खम्भों का तार लेकर शिवपुरी तरफ बेचने के लिये त्रिपाल से डाक कर ले जा रहे है जो अभी भडोता पुल के पास खड़े है सूचना पर तुरन्त कार्यवाही करते हुए भडोता पुल पर खड़ी उक्त दोनों गाडियों को चैक किया जिसमें बिजली के एल्युमिनियम के तार के बंडल रखे पाये गये तथा दोनों गाडियों चालकों सहित 8 व्यक्ति बैठे मिले जिनसे तार के संबंध में पूछताछ की गई तो तार जाट होटल कोलारस के सामने हाईवे पर से बिजली के



खम्बों से चोरी करना बताया जिसे उक्त दोनों गाडियों से शिवपुरी में जेल के सामने हजारी राठौर कबाड़ी के यहां बैचने के लिये ले जाना बताया। सख्ती से पूछताछ करने पर उक्त सभी लोगों द्वारा थाना बदरवास की -04 थाना कोलारस की 04, इदार की 01 पोहरी की -01, बैराड की -01 घटना की बिद्युत तार चोरियां करना स्वीकार किया है। उक्त आरोपियों को थाना कोलारस के अप0क्र) 17/22 73/22,97/22,101/22 धारा 379 ताहि0 136 म0प्र0 बिधुत अधि0 में आरोपी होने से गिरफ्तार किया गया तथा उनके कब्जे से करीबन 5 क्विन्टल बिजली के एल्युमिनियम के तार जप्त किये गये कीमती करीबन 1,50,000 रुपये एवं चोरी में प्रयुक्त आटो लॉडिग टेक्सी नंबर एम.पी.33 एल 3028 एवं छोटा हाथी लोडिंग वाहन नबर एम.पी.33 एल 2031 कीमती करीबन 5,00000 रुपये की जम किया गया एवं चोरी का शेष माल शिवपुरी में जेल के सामने हजारी राठौर कबाड़ी के यहां एवं विवेक राठौर ज़ कवाडी नि0 कस्टम गेट शिवपुरी के यहां बैचना बताया गया है। जिनकी तलाश की गई तो अपनी अपनी दुकाने बंद कर फरार है। इस कार्यवाही में निरीक्षक आलोक सिंह भदौरिया, सउनि0 रामसिह भिलाला प्र0आर0 नरेश दुबे प्र0आर0 दिलीप सिंह प्र0आर) अवतार सिंह आर0 प्रभजोत सिंह आर0 पुष्पेन्द्र आर0 सौरभ पचौरी, आर0चा0 बलराम मोगिया की विशेष भूमिका रही।

# अमर शहीद तात्या टोपे के बलिदान दिवस पर शहीद मेले का आयोजन

### श्रद्धांजलि सभा में तात्या टोपे के बलिदान को किया याद

**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**


**शिवपुरी-** अमर शहीद तात्या टोपे के बलिदान दिवस के अवसर पर दो दिवसीय शहीद मेला का आयोजन किया जा रहा है।तात्या टोपे समाधि स्थल पर दो दिवसीय कार्यक्रम रखा गया है। बलिदान दिवस के अवसर पर सोमवार 18 अप्रैल को सुबह तात्या टोपे समाधि स्थल पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त और पाठ्य पुस्तक निगम के उपाध्यक्ष प्रहलाद भारती कार्यक्रम में शामिल हुए।



कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्रोफेसर दिग्विजय सिंह सिकरवार ने तात्या टोपे के स्वतंत्रता संग्राम में योगदान पर प्रकाश डाला। श्रद्धांजलि सभा में कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह चंदेल, जिला पंचायत सीईओ उमराव मरावी, एसडीएम गणेश जायसवाल सांसद प्रतिनिधि हेमंत ओझा सहित शहर के गणमान्य नागरिक और स्कूली छात्र छात्रा शामिल हुए। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद प्रोफेसर दिग्विजय सिंह सिकरवार ने तात्या टोपे के बलिदान को याद करते हुए कहा कि तात्या टोपे ने देश के स्वतंत्रता संग्राम में अहम भूमिका निभाई है उनके बलिदान को आज हम सभी याद कर रहे हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री प्रहलाद भारती ने अपने संबोधन में कहा कि जो राष्ट्र, समाज और देश के लिए जीते हैं उन्हें इतिहास याद रखता है। ऐसे ही स्वतंत्रता संग्राम के महानायक हैं तात्या टोपे, जिन्होंने 1857 के स्वतंत्रता संग्राम में अपना योगदान दिया। उन्होंने पूरे देश में राष्ट्रभक्ति की अलख जगाई। उन्होंने अंग्रेजों से लड़ने के लिए छापामार युद्ध पद्धति को अपनाया। लगभग 150 युद्ध लड़े जिसमें हजारों अंग्रेज सैनिकों को खदेड़ा। ऐसे अमर शहीद तात्या टोपे के बलिदान दिवस के अवसर पर आज हम श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। श्रद्धांजलि सभा से पहले कार्यक्रम में अतिथियों ने तात्या टोपे की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और ध्वजारोहण किया गया और इस प्रकार दो दिवसीय शहीद मेला का शुभारंभ हुआ। जिसमें शाम 7 बजे से देशभक्ति गीतों पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जा रहा है।

### स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों से संबंधित प्रदर्शनी आकर्षण का केंद्र

स्वराज संस्थान संचालनालय एवं जिला प्रशासन के समन्वय से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में जनसंपर्क विभाग सहित विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी लगाई गई है। प्रदर्शनी में तात्या टोपे से जुड़ा साहित्य व जानकारियां रखी गई हैं। सैनिकों से संबंधित अस्त्र-शस्त्र की प्रदर्शनी कमांडेंट, सीआरपीएफ, आईटीबीपी और एसएएफ 18 बटालियन आदि के समन्वय से लगाई गई है। शहर के नागरिक प्रदर्शनी का अवलोकन कर रहे हैं। श्रद्धांजलि सभा के दौरान मुख्य अतिथि सहित कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक, शहर के गणमान्य नागरिकों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया।



# दुल्हन की तरह सजी ट्रेन में ही होंगे भोजन और भजन

### कोरोना काल के कारण बंद हुई मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन यात्रा अब फिर से शुरू हो रही

**भोपाल।** कोरोना काल के कारण बंद हुई मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन यात्रा अब फिर से शुरू हो रही है। इसकी शुरुआत 19 अप्रेल से होगी। यह स्पेशल ट्रेन भोपाल के रानी कमलापति स्टेशन से रवाना होगी। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान इन यात्रियों से यहां मुलाकात करेंगे। इन यात्रियों को वाराणसी में भगवान विश्वनाथ के दर्शन के साथ ही संत रविदास और संत कबीर दास के जन्म स्थान के दर्शन भी करवाए जाएंगे। तीर्थ यात्रियों की मध्यप्रदेश वापसी 22 अप्रैल को होगी। बताया जा रहा है कि स्टेशन पर तीर्थ यात्रियों का स्वागत ढोल नगाड़ों से किया जाएगा। साथ ही तीर्थ यात्रियों को तुलसी की माला पहनाई जाएगी, तीर्थ स्थान यात्रा पर जा रहे यात्रियों के लिए रानी कमलापति स्टेशन पर नाश्ते की व्यवस्था रहेगी। फूलों से सजी ट्रेन में तीर्थ यात्री निर्धारित सीट पर बैठेंगे।

### 974 यात्री जाएंगे तीर्थ यात्रा करने

यात्रा पर भोपाल संभाग के चार जिले और सागर संभाग के तीन जिलों के 974 लोग जाएंगे। एक विशेष व्यवस्था यह है कि ट्रेन में भजन मंडली भी रहेगी। मंडली के सदस्य यात्रा के दौरान समयानुकूल भजन गाते रहेंगे। बनारस पहुंचकर यात्री गंगा आरती में शामिल होंगे। लौटते समय भगवान विश्वनाथ का

भोपाल सहित विदिशा, सीहोर और रायसेन जिलों के तीर्थ यात्री रानी कमलापति स्टेशन से रवाना होंगे। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि बुजुर्गों के जीवन काल में एक बार किसी बड़े तीर्थ स्थान की यात्रा के स्वप्न को मध्यप्रदेश सरकार ने पूरा करने का कार्य किया है। योजना को पूरी तैयारियों के साथ फिर प्रारंभ किया जा रहा है। संबंधित विभाग और एजेंसियां तीर्थ यात्रियों के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करें।

### खरीफ की तैयारी में जुटे किसानों को लगेगा झटका

# 1200 का डीएपी अब 1350 रुपए में मिलेगा

**भोपाल।** प्रदेश में रबी फसल की कटाई समाप्ति पर है। इसी के साथ ही अब खरीफ की तैयारी में कृषि विभाग जुट गया है। इधर किसानों को भी खरीफ की तैयारी करना है। इसके लिए खाद-बीज की व्यवस्थाएं प्राइवेट एवं शासकीय तौर पर तेजी से जारी है। खासकर खाद को लेकर अग्रिम तैयारी में विभाग जुटा हुआ है। प्राइवेट दुकानों को भी पर्याप्त खाद उपलब्ध कराया जा चुका लेकिन इस बार डीएपी व 12.32.16 किसानों को महंगी पडने् जा रही है। जानकारी के अनुसार डीएपी पिछले साल तक 1200 में मिल रहा था, जो इस साल 1350 में दिया जाएगा। जबकि 12.32.16 की कीमत 1340 थी जो इस बार 1470 रुपए में मिलेगा। इसके अलावा यूरिया भी खरीफ की फसल में उपयोग होता है तो इसके दामों में भी वृद्धि की उम्मीद की जा रही है।

किसान लगातार मौसम की मार झेल रहे हैं और कभी अतिवृष्टि तो कभी ओलावृष्टि से परेशान है। इस बीच खाद के बढ़ते दामों ने उन्हें और भी रुलाना शुरू कर दिया। किसानों का कहना है कि सरकार किसानों की आय दोगुनी करने की बात कहती आई लेकिन डीजल, मजदूरी और अब खाद के दाम बढ़ाकर किसानों से खेती की दूरियां बढ़ाई जा रही है। कृषि संबंधी उपयोगी वस्तुओं की कीमतें इसी तरह बढ़ाई जाती रही तो किसानों को खेती करना मुश्किल हो जाएगा। सरकार को बढ़ती महंगाई पर नियंत्रित करने का प्रयास करना चाहिए।

### अभी से कृषि विभाग सक्रिय

प्रदेश में खरीफ सीजन की मुख्य फसलों में सोयाबीन, धान, उड़द आदि की बोवनी किसान करते हैं। इन फसलों में यूरिया, डीएपी, सुपर फास्फेट की आवश्यकता किसानों को रहती है। हर वर्ष खाद के लिए किसानों को भारी मशक्कत करना पड़ती है, लेकिन इस बार ऐसी स्थिति न बने इसके लिए प्रशासन व कृषि विभाग पहले से ही किसानों को खाद की व्यवस्था करने के लिए अग्रिम भंडारण कर रहा है। इसके तहत यूरिया एवं डीएपी की रैक लगवाई जा रही और इन्हें डबल लॉक एवं प्राइवेट में दिया जा रहा है।

### डीएपी में मूल्यवृद्धि का हर स्तर पर विरोध

राष्ट्रीय मजदूर महासंघ के लाखन सिंह मीणा का कहना है कि डीएपी की मूल्य वृद्धि का हर स्तर पर विरोध किया जाएगा। पहले से ही सरकार ने पेट्रोल-डीजल में मूल्यवृद्धि कर किसानों को आफत में डाल रखा है और अब किसानों की पहली जरूरत खाद के दाम भी बढ़ा दिए गए।

### बैतूल जिले में है धनोरा गांव जहां 1922 से अब तक जनसंख्या 2000 ही है

# इस गांव की 100 साल से नहीं बढ़ी जनसंख्या, देश-दुनिया सीखे कैसे किया कंट्रोल

**बैतूल।** लगातार बढ़ती जनसंख्या चाहे विश्व के लिए सबसे बड़ी समस्या बन रही हो, चाहे भारत के लिए, लेकिन इस बीच मध्य प्रदेश का एक जिला आदर्श बना हुआ है। प्रदेश के बैतूल जिले के आठनेर ब्लॉक में है कांग्रेस धनोरा गांव। यह ऐसा अनोखा गांव है, जहां साल 1922 से अब तक यानि पूरे 100 सालों से जनसंख्या स्थिर बनी हुई है. 100 सालों के यहां की जनसंख्या 2000 ही बनी हुई है. ग्रामीण अब इस उपलब्धि का जश्न मना रहे हैं। बताया जाता है कि इस गांव को परिवार नियोजन का संकल्प राष्ट्रमाता कस्तूरबा गांधी ने दिलाया था. गांववाले आज भी इस संकल्प को निभा रहे हैं. इस गांव से जुड़ी कहानी के मुताबिक, 100 साल पहले 16 अप्रैल सन 1922 में यहां




कांग्रेस का सम्मेलन हुआ था. इसमें शामिल होने कस्तूरबा गांधी आई थीं. उन्होंने ग्रामीणों को खुशहाल जीवन के लिए छोटा परिवार सुखी परिवार का नारा दिया था. कस्तूरबा गांधी की बात को ग्रामीणों ने पत्थर की लकीर माना और फिर गांव में परिवार नियोजन का सिलसिला शुरू हो गया. साथ ही, गाँव का नाम धनोरा से कांग्रेस धनोरा पड़ गया।

### ग्रामीणों ने इस कुरीति को भी किया खत्म

लेखक रामकिशोर पवार बताते हैं कि सन 1922 के बाद गांव में परिवार नियोजन के लिए ग्रामीणों में जबरदस्त जागरूकता आई. लगभग हर परिवार एक या दो बच्चों के विकल्प पर चला. इससे गांव की जनसंख्या धीरे-धीरे स्थिर होने लगी. बेटों की चाहत में परिवार बढ़ाने की कुरीति को भी इस गांव के लोगों ने खत्म कर दिया. गांव मे ऐसे दर्जनों परिवार हैं, जहां किसी की केवल एक या दो बेटियां हैं और वो बेहद खुश हैं। इसे वे देशहित में अपना योगदान समझते हैं।

### पूरी दुनिया और देश के सामने रखी मिसाल

गौरतलब है कि पूरे देश और दुनिया के सामने धनोरा गांव ने परिवार नियोजन की मिसाल रखी है. लेकिन, लोगों को एक मलाल भी है. इस गांव को आज तक जनसँख्या नियंत्रण के लिए कोई सम्मान या पुरस्कार नहीं मिला. जबकि, प्रशासन खुद इस गांव को देश के लिए प्रेरणा मानता है। बैतूल के लोग इस गांव की उपलब्धि को प्रधानमंत्री तक पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं. जो लोग ये कहते हैं कि ग्रामीण इलाकों में जनसंख्या नियंत्रण और बेटियों के जन्म को लेकर जागरूकता की कमी है उन्हें धनोरा गांव जरूर आना चाहिए।

### पास के गांवों में हुआ जनसंख्या विस्फोट

दो बेटियों के पिता धनराज मायवाड़ का कहना है कि दो बच्चों के बाद परिवार नियोजन को अपनाने से यहां लिंगानुपात भी बाकी जगहों से बेहतर है. बेटी-बेटे में फर्क जैसी मानसिकता यहां देखने नहीं मिलती. आंगनबाड़ी कार्यकर्ता नासिका बारस्कर बताती हैं कि धनोरा के आसपास ऐसे भी कई गांव हैं, जिनकी जनसंख्या 50 साल पहले धनोरा गांव से आधी थी, लेकिन अब वहां की जनसंख्या 4 से 5 गुना बढ़ चुकी है. लेकिन, धनोरा गांव की जनसंख्या अब भी 2000 से कम बनी हुई है. गांव के स्वास्थ्य कार्यकर्ता बताते हैं कि उन्हें कभी ग्रामीणों को परिवार नियोजन करने के लिए बाध्य नहीं करना पड़ा।

# एंटी माफिया अभियान के तहत दो अपराधियों के मकानों को किया जमींदोज




### जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन एवं नगर निगम के अमले ने की कार्रवाई

ग्वालियर। एंटी माफिया अभियान के तहत की जा रही कार्रवाई की कड़ी में आज जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन और नगर निगम के अमले ने दो अपराधियों के मकानों को जमींदोज करने की कार्रवाई की है । एंटी माफिया अभियान के तहत ग्वालियर जिले में निरंतर यह कार्रवाई की जा रही है ।

कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह के निर्देशन में चलाए जा रहे एंटी माफिया अभियान के तहत आज ग्वालियर शहर की गेंडेवाली सड़क पर दो अपराधियों के शासकीय भूमि पर बने मकानों को तोड़ने की कार्रवाई की गई है। इनमें नेहरू बाल्मीक जिस पर 56 प्रकरण विभिन्न थानों में दर्ज हैं, उसका 10 हजार वर्गफुट का मकान शासकीय भूमि पर होने के कारण तोड़ने की कार्रवाई की गई है।

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री अनिल बनवारिया ने बताया कि गेंडेवाली सड़क पर ही रह रहे कल्लू खाँ का मकान भी शासकीय भूमि पर होने के कारण जमींदोज किया गया है। इन पर भी विभिन्न थानों में 34 पुलिस प्रकरण कायम हैं। इनका मकान लगभग 16X45 वर्गफुट में बना हुआ था। राजस्व विभाग के साथ-साथ सीएसपी श्री विक्रम सिंह भदौरिया, नगर निगम के अधिकारी और राजस्व विभाग के तहसीलदार एवं अन्य अधिकारियों ने मौके पर उपस्थित रहकर कार्रवाई को अंजाम दिया।

## माटी शिल्पियों से राज्य स्तरीय पुरस्कार के लिये 20 अप्रैल तक आवेदन माँगे

ग्वालियर। माटी शिल्पियों को राज्य स्तरीय पुरस्कारों से सम्मानित किया जायेगा। मध्यप्रदेश माटी कला बोर्ड की योजना के तहत वर्ष 2019-20 एवं वर्ष 2020-21 के लिए यह पुरस्कार दिए जायेंगे। इस सिलसिले में जिले के माटी शिल्पियों से कलाकृति सहित 20 अप्रैल तक आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। कलाकृति सहित आवेदन पत्र 23-खे?ापति कॉलोनी स्थित सहायक संचालक जिला हाथकरघा कार्यालय में जमा किए जा सकते हैं। सहायक संचालक जिला हाथकरघा कार्यालय से प्राप्त जानकारी के मुताबिक पुरस्कार योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग की वेबसाइट www.mpgramodoygglobal.gov.in पर उपलब्ध है। साथ ही जिला हाथकरघा कार्यालय से भी यह जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

## विवाद से विश्वास योजना की अवधि 30 अप्रैल तक

ग्वालियर। मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने बिना सम्मति प्राप्त संचालित उद्योगों और संस्थानों के लिये लागू %विवाद से विश्वास% योजना की अवधि 30 अप्रैल, 2022 है। मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि ऐसे उद्योग, जिनके द्वारा कभी भी सम्मति नहीं ली गई है, उनको प्रथमतः स्थापना सम्मति प्राप्त करनी होगी। साथ ही जिन उद्योगों ने स्थापना और उत्पादन की सम्मति ली है, लेकिन उसका नवीनीकरण नहीं कराया है, वे भी उक्त योजना अवधि में आवेदन कर लाभ प्राप्त कर सकते हैं। एक जनवरी से 31 मार्च, 2022 तक की अवधि में सम्मति आवेदन करने वाले उद्योगों पर पूर्व वर्षों की अवधि के लिये देय स्थापना/उत्पादन सम्मति की शुल्क दरें वर्तमान विनिधान राशि पर देय होंगी। विलंब शुल्क देय नहीं होगा।

## जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक 21 अप्रैल को

ग्वालियर। जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक 21 अप्रैल को बुलाई गई है। इस दिन यह बैठक सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर की अध्यक्षता में प्रातः 11 बजे सिरोल रो? स्थित नवीन जिला पंचायत भवन के सभागार में आयोजित होगी। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आशीष तिवारी ने बताया कि दिशा की बैठक में जल जीवन मिशन के तहत निर्माणाधीन नल-जल योजनायें, प्रधानमंत्री ग्राम स?क योजना, दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण ज्योति योजना, अमृत, कृषि सिंचाई, प्रधानमंत्री आवास शहरी व ग्रामीण, रेलवे स्टेशन का सौंदर्यीकरण, डबरा में बनने जा रहे केन्द्रीय विद्यालय, सेंट्रल रिजर्व फंड के तहत स्वीकृत स?क निर्माण कार्य और सांसद निधि से मंजूर हुए अन्य विकास कार्यों की समीक्षा की जायेगी।

## शासकीय कार्य में बाधा डालने पर तथाकथित एनीमल लवर के खिलाफ कराया पुलिस प्रकरण दर्ज

ग्वालियर। नगर निगम के आवारा श्वान पकडने के अभियान में बाधा डालकर आवारा श्वान को जबरन छुडाने एवं शासकीय कार्य में बाधा डालने वाले तथाकथित एनीमल लवर के खिलाफ पडाव थाने पर शिकायत दर्ज कराई गई है। उल्लेखनीय है कि बढती गर्मी के चलते शहर में तेजी से बढ रहीं डॉग बाइट की घटनाओं को रोकने के लिए नगर निगम ग्वालियर द्वारा आवारा कुत्ते पकडने का अभियान तेजी से चलाया जा रहा है। निगम के अमले द्वारा जहां से डॉग बाइट की शिकायतें आतीं है वहां प्राथमिकता से कुत्ते पकडने के लिए टीम भेजी जाती है लेकिन कई स्थानों पर देखने में आता है कि तथा कथित एनीमल लवर वहां पंहुचकर शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करते हैं और कुत्ते को सेन्टर पंहुचकर या मौके पर ही छुडा लेते हैं। पिछले दिनों 26 मार्च को ऐसी ही एक घटना गांधी नगर में हुई जहां से क्षेत्रीय नागरिक की शिकायत के आधार पर निगम द्वारा एक पागल आवारा कुत्ते को पकडा गया लेकिन तथाकथित एनीमल लवर विनय गुप्ता द्वारा सेन्टर पंहुचकर कर्मचारियों से अभद्रता करते हुए कुत्ते को छुडाया गया और वापिस पंहुचकर उस कुत्ते द्वारा 4 महिलाओं को काटा गया। जिसकी शिकायत श्री श्याम सिंह चौहान द्वारा एवं संबंधित महिलाओं द्वारा की गई। जिसके आधार पर तथाकथित एनीमल लवर विनय गुप्ता के खिलाफ पुलिस प्रकरण दर्ज कराया गया है। नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल ने बताया कि निगम द्वारा आवारा श्वान को पकडने का अभियान और तेजी से चलाया जाएगा और जो भी इस अभियान में बाधा डालेगा उसके खिलाफ कडी कार्रवाई की जाएगी।

## महेन्द्र कुमार जैन को राष्ट्रीय अधिवेशन में सर्वश्रेष्ठ अध्यक्ष अवार्ड से सम्मानित किया



ग्वालियर। भारतीय जैन मिलन का राष्ट्रीय अधिवेशन कुंडलपुर दमोह में आयोजित किया गया था। अधिवेशन में ग्वालियर सहित देशभर की शाखाओं में से उनके कार्यों के आधार पर पुरस्कृत किया जाता है।राष्ट्रीय अधिवेशन में ग्वालियर जैन मिलन थाटीपुर के अध्यक्ष वीर महेन्द्र कुमार जैन को राष्ट्रीय अधिवेशन में सर्वश्रेष्ठ अध्यक्ष अवार्ड से जैन मिलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अतिवीर श्री विजय जी जैन द्वारा सम्मानित किया गया।

# एंटी माफिया अभियान : अवैध रेत परिवहन कर रहीं 6 गाड़ियों को जब्त कर उटीला थाने पहुंचाया

### कलेक्टर श्री सिंह ने उटीला भ्रमण के दौरान की कार्रवाई



ग्वालियर। एंटी माफिया अभियान के तहत रेत का अवैध परिवहन करने पर रेत की 6 गाड़ियों को उटीला थाने में जमा कराया गया है। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह सोमवार को जब उटीला क्षेत्र के भ्रमण पर थे तो रास्ते में रेत की गाड़ियों को रोककर जाँच कराई और गाड़ियों पर रॉयल्टी आदि न होने पर कार्रवाई हेतु सभी गाड़ियों को उटीला थाने में खड़ा कर पुलिस की सुपुर्दगी में सौंपा गया।

एडीएम श्री इच्छित गड़पाले ने बताया कि सोमवार को भ्रमण के दौरान उटीला मार्ग पर रेत की गाड़ियों को रूकवाकर कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने कागजों की जांच कराई। जाँच के दौरान किसी भी गाड़ी के पास रॉयल्टी भरी नहीं पाई गई। साथ ही अन्य कागजात भी उपलब्ध नहीं हुए। कलेक्टर श्री सिंह के निर्देश पर राजस्व अमले ने सभी 6 गाड़ियों को उटीला थाने में सुपुर्दगी में खड़ा कराया गया।

कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने खनिज विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे सभी गाड़ियों के कागजात चैक करें और आगामी कार्रवाई करें।

#### एंटी माफिया के संबंध में जानकारी दें

कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने आम नागरिकों से आग्रह किया है कि जिले में चलाए जा रहे एंटी माफिया अभियान के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई भी जानकारी अथवा शिकायत करना है तो कलेक्ट्रेट कार्यालय में स्टेनो टू कलेक्टर की शाखा में जानकारी अथवा सूचना दे सकता है।

उन्होंने यह भी कहा है कि एंटी माफिया अभियान के तहत नागरिक जो सूचना अथवा शिकायत प्रस्तुत करेंगे, उसको गोपनीय रखा जायेगा। इसके साथ ही सभी सूचनाओं एवं जानकारी की जांच कराकर प्रभावी कार्रवाई भी की जायेगी।

### आम आदमी को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराने सरकार कटिबद्ध है : मंत्री श्री कुशवाह




## हस्तिनापुर स्वास्थ्य मेले में 511 लोगों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

ग्वालियर। प्रदेश के उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री श्री भारत सिंह कुशवाह ने कहा है कि प्रदेश सरकार की स्पष्ट मंशा है कि आम आदमी को बेहतर स्वास्थ्य सुविधायें उपलब्ध हों। इसके लिये स्वास्थ्य की विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन भी पूरी शिद्दत के साथ किया जा रहा है। मंत्री श्री कुशवाह ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हस्तिनापुर में आयोजित ब्लॉक स्तरीय स्वास्थ्य मेले के शुभारंभ अवसर पर यह बात कही। हस्तिनापुर में आयोजित स्वास्थ्य मेले में 500 से अधिक लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार किया गया। इसके साथ ही आयुष्मान कार्ड, हैल्थ आईडी के साथ-साथ दंत रोग के मरीजों का भी परीक्षण और उपचार किया गया। मंत्री श्री कुशवाह ने कहा है कि हस्तिनापुर के लिये एक एम्बूलेंस की स्वीकृति की गई है जो शीघ्र ही प्राप्त होगी। एम्बूलेंस के प्राप्त होने से हस्तिनापुर क्षेत्र के मरीजों को जिला स्तर के अस्पतालों तक पहुँचाने में सुविधा उपलब्ध होगी। इसके साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हस्तिनापुर की नई बिल्डिंग का निर्माण भी शीघ्र प्रारंभ होगी। स्वास्थ्य मेले में कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने स्वास्थ्य योजनाओं के लिये लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया तथा मेले में आए हितग्राहियों से स्वास्थ्य योजनाओं के संबंध में जानकारी भी ली। स्वास्थ्य मेले में कुल 511 मरीजों को लाभ प्राप्त हुआ। स्वास्थ्य आईडी 83 नागरिकों को प्रदान की गई। इसके साथ ही 31 लोगों को आयुष्मान कार्ड प्रदान किए गए। स्वास्थ्य मेले में एडीएम श्री इच्छित ग?पाले, श्री एच बी शर्मा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनीष शर्मा सहित जनप्रतिनिधि और विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# आई.एस.ए.सी. अवॉर्ड के कल्चर कैटेगरी में ग्वालियर के डिजिटल म्यूजीयम को मिला देश भर में 3 स्थान

### निगमायुक्त श्री कन्याल ने सूरत में ग्रहण किया अवार्ड




ग्वालियर। ग्वालियर स्मार्ट सिटी के प्रयासों ने एक बार फिर राष्ट्रीय पटल पर ग्वालियर को अंकित करने में अपनी भूमिका निभाई है। केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री श्री हरदीप सिंह पुरी ने सूरत (गुजरात) में इंडिया स्मार्ट सिटीज अवार्डस कांटेस्ट-2020 में विभिन्न थीम में उल्लेखनीय कार्य करने वाले स्मार्ट सिटीज को अवार्ड वितरित किये। ग्वालियर को कल्चर श्रेणी में डिजिटल म्यूजीयम के लिये देश भर में 3सरा स्थान प्राप्त हुआ है। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह ने अवार्ड प्राप्त करने वाली स्मार्ट सिटीज को बधाई दी है। नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल द्वारा यह अवार्ड ग्रहण किया गया। इस अवसर पर स्मार्ट सिटी के कंपनी सेक्रेटरी प्रशांत कुमार साहू भी उपस्थित रहे।

ग्वालियर के स्वर्णिम इतिहास व गौरवशाली संस्कृति को संजोने के लिए स्मार्ट सिटी ग्वालियर में बनाए गए डिजीटल संग्रहालय में डिजिटल उपकरणों की सहायता से दर्शाया गया है। जिसमें स्थापत्य कला, चित्रकला, खेल व मनोरंजन, सहरिया जीवनशैली, परिधान, त्योहार व जीवनयापन, संगीत आदि गैलरी के माध्यम से यहाँ की क्षेत्रीय संस्कृति के विभिन्न पहलुओं का अनुभव आगन्तुकों द्वारा किया जा सकता है। सीईओ स्मार्ट सिटी श्रीमती जयति सिंह सहित निगम के सभी अधिकारियों ने नगर निगम आयुक्त श्री कन्याल को बधाई दी।

इस डिजिटल म्यूजियम में विरासतों का संरक्षण, विकास का दर्पण ध्येय के साथ शहर की विरासत को सहेजने के साथ ही महत्वपूर्ण योजनाओं के माध्यम से शहर के विकास को भी गति प्रदान की है।

# वार्ड 52 में फीडिंग लाइन से जुडें 80 अवैध नल कनेक्शन काटे, संबंधितों को दी चेतावनी

ग्वालियर। फीडिंग लाइन में अवैध कनेक्शनों के कारण आगे पानी नहीं पंहुचने की शिकायत पर आज सोमवार को नगर निगम पीएचई के कार्यपालन यंत्री श्री संजय सोलंकी एवं सहायक यंत्री श्री प्रवीण दीक्षित ने वार्ड में कार्रवाई करते हुए लगभग 80 अवैध नल कनेक्शन काटे गए। उल्लेखनीय है कि वार्ड 52 स्थित कंकाली माता पानी की टंकी की मैन फीडिंग लाइन में क्षेत्र के नागरिकों द्वारा अवैध नल कनेक्शन करने के कारण आगे के क्षेत्रों में पानी प्रेशर से नही पंहुच पा रहा था, जिसकी शिकायत मिलने पर अधीक्षण यंत्री श्री आर एलएस मौर्य के निर्देश पर कार्यपालन यंत्री श्री संजय सोलंकी एवं सहायक यंत्री श्री प्रवीण दीक्षित द्वारा क्षेत्र में निरीक्षण किया।






स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478